रोहतक
गुरुवार, 27 जून 2024
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष, षष्ठी वर्ष : 28, अंक : 151
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 37.6
न्यून. 27.1

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




05 ओलंपिक : हरमनप्रीत सिंह को भारतीय हॉकी टीम की कमान

# 15250 लाभार्थियों को 30-30 गज के प्लाट आवंटित

## सीएम सैनी बोले-गरीबों के सिर पर छत का सपना साकार कर रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

- रोहतक में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन
- मुख्यमंत्री नायब सिंह ने बांटे प्लॉटों के आवंटन पत्र
- सीएम बोले, हमारी डबल इंजन की सरकार निरंतर गरीब को सशक्त बना रही
- आज संविधान तो सुरक्षित लेकिन कांग्रेस खत्म हो रही, गरीबों के घर का सपना पूरा हो रहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर गरीब के सिर पर छत के सपने को पूरा करने के लिए चलाई गई प्रधानमंत्री आवास योजना की तर्ज पर हरियाणा में गरीब परिवारों के अपने घर के सपने को पूरा करते हुए सरकार ने मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना चलाई है। इस योजना के तहत बुधवार को 15,250 लाभार्थियों को प्लॉट आवंटन प्रमाण पत्र वितरित किए गए हैं। रोहतक में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और लाभार्थियों को मौके पर प्लॉट आवंटन पत्र वितरित किए। इसके अलावा, चार अन्य स्थानों नामतः यमुनानगर, पलवल, सिरसा और महेंद्रगढ़ में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए नायब सिंह ने कहा कि आज बड़ा खुशी का दिन है जब गरीब लोगों के अपने घर का सपना पूरा हो रहा है। मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना केवल एक योजना नहीं, बल्कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारी डबल इंजन सरकार की गरीब के चेहरे पर मुस्कान लाने वाली एक पहल है।



### पूर्व की सरकारों ने केवल प्लॉट दिखाए, दिए नहीं

नायब सिंह ने कहा कि पूर्व की सरकार ने गरीब लोगों को प्लॉट तो दिखा दिए थे, लेकिन न उन्हें प्लॉट दिया, न ही कोई कागज दिया। वे लोग चक्कर काटते रहे। परंतु हमारी सरकार ने उन लोगों की पीड़ा को समझा और यह निर्णय लिया कि हमारी सरकार उन्हें प्लॉट देगी। इसलिए गत दिनों सोनीपत में एक कार्यक्रम किया गया था, जिसमें गरीब लोगों को 100-100 वर्ग गज के प्लॉटों के कब्जा प्रमाण पत्र सौंपे गए थे।

**शराब नीति केस**

### दिल्ली की अदालत ने दिया सीबीआई की अर्जी पर आदेश

# केजरीवाल तीन दिन के सीबीआई रिमांड पर

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तीन दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया। जांच एजेंसी ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में उन्हें गिरफ्तार किया था। विशेष न्यायाधीश अमिताभ रावत ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की अर्जी पर यह आदेश पारित किया। अदालत से अनुमति मिलने के बाद केजरीवाल को औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया। केजरीवाल आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में जेल में बंद हैं, जिसकी जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है। न्यायाधीश ने कहा, "सीबीआई का अनुरोध तीन दिन के लिए स्वीकार किया जाता है।



**सीबीआई ने कहा-मामले में बड़ी साजिश का पता लगाने के लिए पूछताछ की जरूरत**

### रोजाना 30 मिनट पत्नी व वकील से मिल सकेंगे

कोर्ट ने केजरीवाल को इजाजत दी है कि वे रोजाना अपनी पत्नी से और तीस मिनट अपने वकील से मिल सकेंगे। इसके साथ उन्हें अपनी दवाएं रख सकेंगे और उनके लिए घर का खाना आ सकेगा। बुधवार सुबह सीबीआई ने शराब नीति केस में भ्रष्टाचार के आरोप में केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने कोर्ट में कहा कि मामले में बड़ी साजिश का पता लगाने के लिए केजरीवाल से पूछताछ की जरूरत है। कोर्ट ने करीब 4 घंटे तक दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। अगली सुनवाई 29 जून को होगी।






**मोदी ने प्रस्ताव रखा राजनाथ सिंह ने प्रस्ताव का अनुमोदन किया**

### ध्वनिमत से हुआ पारित

# ओम बिरला लगातार दूसरी बार बने लोकसभा अध्यक्ष

**मोदी बोले-आपके पांच साल का अनुभव आने वाले 5 साल तक हमारा मार्गदर्शन करेगा**

**राहुल बोले-आशा है कि विपक्ष को सदन के अंदर आवाज उठाने का मौका मिलेगा**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के सांसद ओम बिरला को बुधवार को ध्वनिमत से लोकसभा अध्यक्ष चुन लिया गया। वह दूसरी बार यह उत्तरदायित्व संभाल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अध्यक्ष पद के लिए बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अनुमोदन किया। इस प्रस्ताव को प्रोटेम स्पीकर (कार्यवाहक अध्यक्ष) भर्तृहरि महताब ने सदन में मतदान के लिए रखा और इसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस सांसद कोडिकुन्नील सुरेश को अपना प्रत्याशी बनाया था, लेकिन सदन में मत-विभाजन कराने पर जोर नहीं दिया। इसके बाद कार्यवाहक अध्यक्ष महताब ने बिरला को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की। इस दौरान बिरला सदन में अग्रिम पंक्ति में बैठे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिरला के पास जाकर उन्हें बधाई दी। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिरला को बधाई दी और प्रधानमंत्री मोदी से भी हाथ मिलाया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू, बिरला को अध्यक्षीय आसन तक लेकर गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत विपक्ष के कई नेताओं ने बिरला को बधाई दी। (पेज-7 भी देखें)



**पीएम मोदी, राहुल गांधी और किरेन रीजीजू बिरला को आसन तक लेकर गए**

पीएम ने बिरला के पास जाकर उन्हें बधाई दी। राहुल ने भी पीएम मोदी से हाथ मिलाया बिरला भाजपा के पहले ऐसे सांसद जो लगातार दो बार स्पीकर बने

### सबका मार्गदर्शन करेंगे बिरला : मोदी

बिरला के स्पीकर बनने पर पीएम ने कहा- आपके पांच साल का अनुभव से आप आने वाले पांच साल हम सबका मार्गदर्शन करेंगे। मोदी ने कहा, "आप दूसरी बार इस आसन पर विराजमान हो रहे हैं, यह इस सदन का सौभाग्य है। अठारहवीं लोकसभा में अध्यक्ष का कार्यभार दूसरी बार संभालना, अपने आप में एक नया रिकॉर्ड है। आपको और पूरे सदन को मेरी तरफ से बधाई और शुभकामनाएं।'

### इंडी गठबंधन की ओर से बधाई : राहुल

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिरला को बधाई देते हुए कहा, "मैं आपके दूसरी बार अध्यक्ष चुने जाने पर आपको बधाई देना चाहता हूं। मैं पूरे विपक्ष की ओर से, 'इंडिया' गठबंधन की ओर से आपको बधाई देना चाहता हूं।" गांधी ने कहा, "अध्यक्ष महोदय, यह सदन भारत के लोगों की आवाज का प्रतिनिधित्व करता है और आप उस आवाज के संरक्षक हैं। उम्मीद है कि विपक्ष को सदन के अंदर लोगों की आवाज उठाने का मौका मिलेगा।

# हिसार के ऑटो मार्केट व्यापारी से मांगी दो करोड़ की रंगदारी

### व्हाटसएप पर कहा-पैसे नहीं दिए तो राम नाम सत्य

**हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** बदमाशों ने ऑटो मार्केट के एक और व्यापारी से फोन पर 2 करोड़ की रंगदारी मांगी है। बदमाशों ने भीम ऑटो मोबाइल के मलिक किटू बंसल को धमकी दी कि अगर पैसे नहीं दिए तो उसे जान से मार दिया जाएगा। व्यापारी ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी है। पुलिस ने व्यापारी की सुरक्षा बढ़ाते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी है। बता दें कि दो दिन पहले ऑटो मार्केट में इनेलो नेता रामभगत गुप्ता के बेटे संजय गुप्ता के महिंद्रा शोरूम पर तीन बदमाशों ने 30 से अधिक राउंड फायरिंग कर 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी।

पुलिस को दी शिकायत में ऑटो मार्केट स्थित भीम ऑटो मोबाइल के मालिक किटू बंसल ने बताया कि ऑटो मार्केट में उनकी दुकान नंबर 20 व 21 पर गाड़ियों के स्पेयर पार्टस की बिक्री की जाती है। दुकान बंद करने के बाद वह रात को घर गया था। रात को करीब 9 बजकर 20 मिनट पर उनके मोबाइल पर व्हॉट्सएप कॉल आई। बेटे ने उस कॉल को उठाया। व्हॉट्सएप पर कॉलर का नाम महाकाल था। कुछ ही सेकेंड बाद बेटे ने फोन मुझे पकड़ा दिया। इसके बाद मैंने फोन पर बात की। कॉलर ने कहा कि अभी महिंद्रा एजेंसी पर गोली चली थी। भाई तू भी 2 करोड़ रुपये तैयार कर ले। एक हफ्ते का समय है। एडवांस चलियो, अगर एडवांस ना चलेगा तो राम-नाम-सत्य। इसके बाद फोन काट दिया।' इसके बाद वह डर गया और उसने पुलिस को सूचना दी। लगातार हो रही घटनाओं के बाद मोहित हांडा की जगह दीपक सहारन को जिले के एसपी का चार्ज दिया गया है।

**फिर मिली धमकी**



धमकी दी-भाई तू भी 2 करोड़ रुपये तैयार कर ले। एक हफ्ते का समय है पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई

## खबर संक्षेप

**वर्ल्ड कप : सेमीफाइनल आज**

### भारत-इंग्लैंड में महा मुकाबला, बारिश हुई तो भारत खेलेगा फाइनल

**नई दिल्ली।** टी-20 वर्ल्ड कप भारत और इंग्लैंड के बीच सेमीफाइनल मुकाबला गयाना में गुरुवार को खेला जाएगा। गयाना में भारी बारिश हो रही है। इससे मैच पूरा खेले जाने पर संदेह खड़ा हो गया है। मैच के दौरान भी बारिश की 70% और तूफान की 28% संभावना है। सेमीफाइनल के लिए कोई रिजर्व डे नहीं रखा गया है। ऐसी स्थिति में मैच रद होने पर सुपर-8 में ग्रुप-1 का टेबल टॉपर भारत फाइनल में पहुंच जाएगा। भारत ने सुपर-8 के ग्रुप-1 में सभी तीन मैच जीते हैं और 6 अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल में टॉप पर है। मैच रद होने पर फाइनल में भारत का सामना अफगानिस्तान और साउथ अफ्रीका के बीच होने वाले सेमीफाइनल-1 जीतने वाली टीम से होगा। (खेल पेज भी देखें)

### आडवाणी की तबीयत बिगड़ी, एम्स में भर्ती

**नई दिल्ली।** पूर्व उप प्रधानमंत्री और भाजपा के कद्दावर नेता लालकृष्ण आडवाणी की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक उन्हें उम्र संबंधी तकलीफ होने के बाद अस्पताल ले जाया गया। सूत्रों का कहना है कि लालकृष्ण आडवाणी को एम्स के जिरियाट्रिक डिपार्टमेंट के डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। आडवाणी के स्वास्थ्य पर करीब से निगरानी रखने के लिए एहतियातन उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया है। एजेंसी

**संसद में 'जय फिलिस्तीन' करने पर भड़का विवाद**

# ओवैसी की सांसदी खतरे में, राष्ट्रपति को पत्र लिख अयोग्य घोषित करने की मांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- वरिष्ठ वकील हरि शंकर जैन ने राष्ट्रपति को खिला पत्र
- चुनाव आयोग को भी शिकायत की
- संविधान के अनुच्छेद 102 और 103 के तहत की शिकायत

हैदराबाद लोकसभा सीट से सांसद और एआईएमआईएम पार्टी के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी द्वारा संसद भवन में फिलिस्तीन के समर्थन में नारेबाजी का मामला तूल पकड़ता दिखाई दे रहा है। वरिष्ठ वकील हरि शंकर जैन ने ओवैसी के खिलाफ राष्ट्रपति राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर औवैसी को अयोग्य घोषित करने का आग्रह किया है। आपको बता दें कि ओवैसी ने लोकसभा में शपथ लेते वक्त 'जय फिलिस्तीन' भी कह दिया था जिसके बाद हंगामा खड़ा हो गया है। वकील हरि शंकर जैन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भारत के संविधान के अनुच्छेद 102 और 103 के तहत शिकायत की है। ओवैसी ने शपथ लेने के तुरंत बाद मंच से जय फ़िलिस्तीन का नारा लगाया था। पत्र में कहा गया है कि फ़िलिस्तीन एक विदेशी राज्य है और भारत का कोई भी नागरिक उस राज्य के प्रति निष्ठा का पालन नहीं कर सकता। संविधान का अनुच्छेद 102 किसी भी व्यक्ति के लिए संसद के किसी भी सदन के सदस्य के रूप में चुने जाने और होने के लिए अयोग्यता का प्रावधान करता है, यदि वह किसी विदेशी राज्य के प्रति निष्ठा या पालन की स्वीकृति के अधीन है।

**यह हवाला भी दिया**

भारत की संप्रभुता और अखंडता को सुरक्षित रखने के लिए संविधान का अनुच्छेद 102 1 (डी) किसी शख्स को संसद का सदस्य बनने से रोकता है अगर वह व्यक्ति किसी विदेशी राज्य के प्रति निष्ठा रखता हो। ओवैसी द्वारा संसद में दिया गया नारा देश की सुरक्षा, संप्रभुता और अखंडता के लिए खतरा है।

**चुनाव आयोग लें राय**

राष्ट्रपति को लिखे गए पत्र में मांग की गई है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 102 1 (डी) के तहत अयोग्य घोषित किया जाए। इसके साथ ही संविधान के अनुच्छेद 103 के तहत ओवैसी की अयोग्यता के संबंध में भारत के चुनाव आयोग की राय पर विचार करने की भी मांग की गई है।


सरकारी मान्यता प्राप्त धर्मार्थ संस्था जिसके द्वारा विश्व स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी देखभाल के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है ।
49 वर्षों के गौरवशाली अतीत वाला एक संस्थान जहाँ 1976 से निरंतर पैरामेडिक्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।

डिप्लोमा कोर्स (प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम) योग्यता : 10वीं / 12वीं पास
- मेडिकल लेबोरेटरी तकनीशियन
- डेंटल लैब तकनीशियन / हाईजेनिस्ट
- एक्सरे एवं इसीजी तकनीशियन
- पब्लिक हैल्थ एवं सनिटेशन तकनीशियन
- ऑपरेशन थिएटर तकनीशियन
- कार्डियो वसकुलर तकनीशियन
- डायलिसिस तकनीशियन
- कैथ लैब तकनीशियन
- अनेस्थेसिया तकनीशियन
- फिजियोथेरपी
- ओफ्थल्मीक तकनीशियन
- सीटी / एमआरआई तकनीशियन

बैचलर ऑफ साइंस योग्यता : PCB / PCM से 10वीं / 12वीं तथा स्नातक
- बैचलर ऑफ वोकेशनल स्टडी
- कैथ लैब तकनीशियन
- मास्टर ऑफ वोकेशनल स्टडी
- बैचलर ऑफ फिजियोथेरपी
- B.Sc मेडिकल लेबोरेटरी तकनीशियन (BMLT)
- कार्डियो वसकुलर तकनीशियन
- रेडियो इमेजिंग तकनीशियन (BRIT)
- कार्डियक केयर तकनीशियन
- डायलिसिस तकनीशियन
- M.Sc मेडिकल लैबोरेटरी तकनीशियन
- ऑपरेशन थिएटर तकनीशियन

पैरामेडिकल और नर्सिंग में चुनें अपना सुनहरा भविष्य SCAN ME
प्रवेश आरंभ 2024
- भारत के बेंचमार्क (मानक) पैरामेडिकल शिक्षकों द्वारा
- रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय, भारत सरकार और भारत की सेनाओं (जल सेना, थल सेना, वायु सेना), (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) तथा विभिन्न संबंधित राज्य सरकारों के लिए सेवाकाल में प्रशिक्षण प्रदान करने वाला संस्थान है।
- संस्थान पैरा मेडिकल पाठ्यक्रम को भारत एवं राज्य सरकारों के प्राधिकरण बोर्ड, मेडिकल बोर्ड, पैरामेडिकल काउंसिल, भारतीय नर्सिंग काउंसिल तथा दिल्ली नर्सिंग काउंसिल से अनुमोदित संस्थान के मान्यता प्राप्त हैं।
- पैरा मेडिकल के लिए प्रशिक्षण आरंभ करने वाला भारत का पहला और एकमात्र संस्थान होने पर हमें गर्व है।

B. VOC. & M. VOC.
Bachelor/Masters of Vocational Studies
ANM & GNM
AUXILIARY /GENERAL : NURSING & MIDWIFERY

इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हैल्थ एंड हाइजीन
RZ-A-44 महिपालपुर, नई दिल्ली-37
Email : iphh76@gmail.com www.iphhparamedic.in
9811817972
8178552287


**आज मंत्रिमंडल की बैठक**

# सरकारी कर्मियों को सौगात की तैयारी में नायब सरकार!

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा नायब सैनी की सरकार विस चुनावों से पहले प्रदेश के लोगों और कर्मियों को सौगात दे सकती है। गुरुवार को मंत्रिमंडल की बैठक होगी। इसमें कर्मचारियों के लिए कुछ बड़े फैसले होने की संभावनाएं हैं।

कर्मचारियों की रिटायरमेंट की आयु 58 से 60 करने पर विचार चल रहा है। राज्य में स्वीकृत पदों के विपरीत लगाए कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने की नीति पर भी मंत्रिमंडल की बैठक में मुहर लगाए जाने की संभावना है। कर्मचारियों की यह दो प्रमुख मांगें हैं, जो लंबे समय से अधर में लटकी हुई हैं। कर्मचारियों की नाराजगी को दूर करने तथा उन्हें अपने पक्ष में लामबंद करते हुए पार्टी ने उनकी दो प्रमुख मांगें मानने का मन बनाया है। प्रदेश में करीब 3 लाख सरकारी कर्मचारी हैं, जो इस फैसले से लाभान्वित हो सकते हैं। सूबे में करीब 1.25 लाख कच्चे कर्मचारी काम करते हैं।



कर्मचारियों की रिटायरमेंट आयु 60 साल करने की तैयारी
**कच्चे कर्मियों को स्थायी करने की भी तैयारी**




## खबर संक्षेप

### गुरुग्राम कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह 27 को गुरुग्राम के दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री सुबह नौ बजे सिविल लाइंस स्थित जिला परिषद के स्वतंत्रता सेनानी सभागार में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करेंगे और 20 परिवादों की सुनवाई करेंगे।

### बिजली शिकायतों की सुनवाई कल

**चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम प्रवक्ता ने बताया कि जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच द्वारा प्रत्येक मामले में 1 लाख रुपये से अधिक और 3 लाख रुपये तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की जाएगी। रोहतक जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों करनाल, पानीपत, सोनीपत, झज्जर और रोहतक के उपभोक्ताओं की शिकायतों का 28 को राजीव गांधी विद्युत सदन सेक्टर–12, करनाल के कांफ्रेंस हॉल में सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक किया जाएगा।

### सांकेतिक भूख हड़ताल पर रहे रोडवेजकर्मी

**चंडीगढ़।** हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के बैनर तले बुधवार को प्रधान सचिव ,महानिदेशक और महाप्रबंधकों द्वारा जारी किए जा रहे मनमानी फरमानों के विरोध में रोडवेज कर्मचारियों ने सुबह 10 बजे से लेकर 4 बजे तक सांकेतिक भूख हड़ताल की। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में कर्मचारियों ने शामिल होकर सरकार व विभाग की मनमानियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किए। सांझा मोर्चे के वरिष्ठ सदस्य नरेन्द्र दिनोद, सुमेर सिवाच, अशोक खोकर व अन्य ने मांगे पूरी करने की मांग की

### हाईराइज सोसायटी में बनेंगे पोलिंग बूथ

**पंचकूला।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा. यश गर्ग ने बताया कि जिला में हाईराइज सोसायटी में पोलिंग स्टेशन बनाने के लिए सर्वे किया जा रहा है जिसे इस माह के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एक पोलिंग स्टेशन पर 1500 से अधिक वोट होने पर अतिरिक्त पोलिंग स्टेशन बनाया जाएगा। उपायुक्त अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी हेमा शर्मा द्वारा आयोजित वीसी में जानकारी दे रहे थे।

### शिविर में 67 युवाओं ने किया रक्तदान

**चंडीगढ़।** अस्पतालों में आई रक्त की कमी को पूरा करने के लिए विश्वास फाउंडेशन ने स्वामी विश्वास के मार्गदर्शन व इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी यूटी चंडीगढ़ के सहयोग से चंडीगढ़ में दो रक्तदान शिविरों का आयोजन किया। शिविर सुबह 10 बजे शुरू होकर और दोपहर 3 बजे तक चले। इसमें 67 युवाओं ने रक्तदान किया

# गांवों में खुलेंगे 468 इंडोर जिम, 729 कलस्टर स्कूलों की साइंस लैब होंगी अपग्रेड

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एचपीपीसी और डीएचपीपीसी की बैठक में कई अहम निर्णय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



- ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल पाइप लाइन खरीदने के लिए 1000 करोड़ मंजूर
- कॉलेजों के लिए भी 3836 कंप्यूटर खरीदे जाएंगे : सीएम

मुख्यमंत्री नायब सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई हाई पावर परचेज कमेटी (एचपीपीसी) की बैठक में कई बड़े निर्णय लिए गए। प्रदेश में विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ करने हेतु पाइप की खरीद के लिए लगभग 1000 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई। इसके अलावा, स्कूलों में विज्ञान शिक्षा को बढ़ावा देने के दृष्टिगत साइंस स्ट्रीम के 729 क्लस्टर स्कूलों में जल्द ही बायोलॉजी और केमिस्ट्री लैब में नए उपकरण लगाए जाएंगे, इसके लिए लगभग 30 करोड़ की मंजूरी प्रदान की गई। साथ ही, जनरल साइंस लैब के लिए भी लगभग 10 करोड़ रुपए के उपकरणों की खरीद को मंजूरी दी गई है।

इसके अलावा, कॉलेजों के लिए भी 3836 कंप्यूटर की खरीद हेतु भी लगभग 24 करोड़ रुपये की मंजूरी प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्क शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और विज्ञान, गणित विषयों पर विशेष फोकस किया जा रहा है।बैठक में कुल लगभग 1500 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रैक्ट और वस्तुओं की खरीद को दी गई मंजूरी उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी) और विभागीय उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (डीएचपीपीसी) की बैठक में कुल मिलाकर 1500 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रैक्ट तथा विभिन्न वस्तुओं की खरीद को मंजूरी दी गई। बैठक में विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद दरें तय करके लगभग 72 करोड़ रुपये की बचत की गई है। बैठक में बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण अंचल में किए जा रहे प्रकल्पों जैसे योग एवं व्यायामशालाएं, लाइब्रेरी बनाना व वेलनेस सेंटर इत्यादि बनाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पंचायतों में इंडोर जिम स्थापित करने की भी योजना है। इसके तहत जल्द ही गांवों में 468 इंडोर जिम स्थापित किए जाएंगे, जिसके लिए लगभग 50 करोड़ रुपए से अधिक के जिम उपकरणों की खरीद को मंजूरी दी गई है। इंडोर जिम में 25 प्रकार के उपकरण लगाए जाएंगे।

### 290 करोड़ के खरीदे जाएंगे ट्रांसफार्मर

बैठक में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशुओं के लिए दवाओं की खरीद को भी मंजूरी दी गई। इसके अलावा, एचवीपीएनएल, यूएचबीवीएन द्वारा 132/33 केवी के 11 ट्रांसफार्मर और 66/11 केवी के 20 ट्रांसफार्मर तथा अन्य उपकरणों की खरीद के लिए भी मंजूरी दी गई है। इन पर लगभग 290 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

### 31 एजेंडे रखे गए, 27 को मंजूरी

बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी, खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, उच्चतर शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, विकास एवं पंचायत, परिवहन विभाग और पुलिस के कुल 31 एजेंडे रखे गए थे। इनमें से 27 एजेंडों को मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में कैबिनेट मंत्री कंवर पाल, मूलचंद शर्मा, रणजीत सिंह, जे पी दलाल, डॉ बनवारी लाल, राज्य मंत्री सीमा त्रिखा, महिपाल ढांडा औरअसीम गोयल नन्यौला भी उपस्थित रहे।

### पुलिस को वाटर कैनन, तीन बुलेट प्रूफ वाहन मिलेंगे

पुलिस विभाग के लिए वाहनों सहित अन्य सामान की खरीद को भी मिली मंजूरी बैठक में पुलिस विभाग के लिए 8 वाटर कैनन, 9 वज्र वाहन, 14 ट्रक, 3 बुलेट प्रूफ वाहन की खरीद को भी मंजूरी प्रदान की गई। इन सभी वाहनों की खरीद पर लगभग 11 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इसके अलावा, 695 कंप्यूटर, 1100 ई-चालान मशीनें और अन्य उपकरणों की खरीद को भी मंजूरी दी गई है। इन पर लगभग 14 करोड़ रुपए की लागत आएगी।बैठक में मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद, वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव रवी उमाशंकर, पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर, आपूर्ति एवं निपटान विभाग के महानिदेशक मोहम्मद शाइन, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ अमित अग्रवाल और संबंधित विभागों के प्रशासनिक सचिवों सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## घग्घर नदी में प्रदूषण पर सैलजा ने चिंता जताई



**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की नवनिर्वाचित सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि घग्घर नदी जो सिरसा के सैकड़ों गांवों की जीवन रेखा है लेकिन पिछले डेढ़ दशक से और हाल ही में घग्गर का उपयोग सभी प्रकार के प्रदूषकों को प्रवाहित करने के लिए किया जा रहा है, जिसमें फैक्ट्री अपशिष्ट और खतरनाक रसायन शामिल हैं, जो कैंसरकारी, उपचारित और अनुपचारित सीवेज आदि हो सकते हैं। सिरसा में पड़ने वाले घग्गर के क्षेत्र में इन प्रदूषकों के प्रवाह में अभूतपूर्व वृद्धि देखी जा रही है, जो बहुत ही अप्रिय और तीखी दुर्गंध भी उत्सर्जित कर रहे हैं।


## हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग

**बेज नं. 67–70, सेक्टर–2, पंचकूला–134151**
**(www.hssc.gov.in)**

### सार्वजनिक सूचना

**ग्रुप–सी पदों के लिए 5 और 6 नवम्बर 2022 को आयोजित परीक्षा हेतु कॉमन पात्रता परीक्षा (सीईटी)–2022 फेज–I, हरियाणा के संशोधित परिणाम की घोषणा के सम्बन्ध में उम्मीदवारों को सूचना**

यह उम्मीदवारों की जानकारी हेतु है कि एलपीए नं. 1037 ऑफ 2023 में माननीय उच्च न्यायालय निर्णय दिनांक 31.05.2024 के अनुसार, आयोग 5 और 6 नवम्बर 2022 को आयोजित परीक्षा हेतु ग्रुप–सी पदों के लिए कॉमन पात्रता परीक्षा (सीईटी)–2022 का संशोधित परिणाम अपलोड कर चुका है। संशोधित परिणाम सामाजिक–आर्थिक मानदंड अंकों का कोई वेटेज दिये बिना उम्मीदवार के केवल सीईटी अंकों के आधार पर तैयार किया गया है।

उम्मीदवारों को एचएसएससी की अधिकारिक वेबसाइट अर्थात www.hssc.gov.in पर उपलब्ध लिंक https://cetgroupc.hryssc.com पर अपना पंजीकरण नम्बर और ई–मेल / मोबाइल नम्बर का उपयोग करते हुए अपना सीईटी स्कोर कार्ड एक्सेस/डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

**स्थान : पंचकूला** — **हस्ता/– सचिव**
**दिनांक : 25 जून 2024** — **हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग**
संवाद–1159/13/632/2025/27177/88/6 दि. 26.06.24 — **पंचकूला**



## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा–135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करता है:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | गैर–कोर पीओएच गतिविधि को ट्रेन लाइटिंग के विभिन्न खंड़ों से आउटसोर्स किया जाएगा। | | |
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | द्वितीय पैकेट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 26/07/2024 प्रातः11:30 बजे। | निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 25.06.2024 17:28 बजे |
| पूर्व–बोली आवश्यक है | नहीं | आज तक प्री–बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | रू. 4210395/– सभी कर जीएसटी आदि सहित | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/ इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप। |
| अग्रिम धन | रू. 84200/– | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज लागत | Nil अप्रैल 2022 के भाग–I खंड संख्या 3 के अनुसार | समापन की अवधि | 06 माह |
| बोली आरंभ तिथि | 12/07/2024 | बोली समाप्ति तिथि | 26/07/2024 प्रातः 11:30 बजे। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in पर जाएं | | |

56–डब्ल्यू/इलेक्ट्रिक/23–24/टी/नॉन–कोर 1900/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# राहुल की हरियाणा के नेताओं को खरी-खरी पार्टी में गुटबाजी को सहन नहीं किया जाएगा

## बैठक में हुड्डा, सैलजा सहित 42 वरिष्ठ नेता मौजूद रहे

आनंद राणा ▶▶ नई दिल्ली

- प्रदेश में विस चुनाव को लेकर बैठक में मंथन



हरियाणा में लोकसभा चुनाव की आधी सीटें कब्जाने के बाद कांग्रेस की नजर अब हर हाल में विधानसभा चुनाव जीतकर भाजपा को सत्ता से बेदखल करने की कवायद पर टिक गई है। कांग्रेस हरियाणा को लेकर कितनी गंभीर है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जब राज्य के विधानसभा चुनाव पर मंथन के लिए बैठक बुलाई तो इसमें राहुल गांधी से लेकर हरियाणा कांग्रेस के तमाम छोटे-बड़े नेता मौजूद थे। अब तक प्रदेश की राजनीति में एक दूसरे को आंख दिखाने वाले नेता बैठक में खड़गे और राहुल की हिदायतों को न केवल गंभीरता से सुनते दिखाई पड़े बल्कि सभी ने एकजुटता और मेलजोल से चुनाव लड़ने की बात कही। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय 24 अकबर रोड़ पर हुई बैठक में खड़गे और राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, दीपक बाबरिया, उदयभान, भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, कुमारी सैलजा, बीरेन्द्र सिंह और दीपेन्द्र हुड्डा सहित करीब 42 नेता मौजूद रहे। सूत्रों के अनुसार बैठक में चर्चा के दौरान फोकस इस बात पर रहा कि भाजपा को हराने के लिए क्या रणनीति अपनायी जाए। भाजपा की कमजोर कड़ियों पर विचार विमर्श हुआ। भाजपा और सैनी सरकार के खिलाफ बड़े मुद्दों को जनता के बीच कैसे रखा जाए, इस पर बात हुई। किसानों से जुड़े मसलों और अग्निपथ योजना को लेकर चर्चा हुई।

### चुनाव जीतने पर फोकस

सूत्रों के अनुसार तमाम मुद्दों के बावजूद जो सबसे अहम बिंदु रहा वो प्रदेश में पार्टी नेताओं के बीच पसरी गुटबाजी था। खड़गे और राहुल गांधी ने बहुत ही क्लीयर कट अंदाज में कहा कि किसी भी सूरत में गुटबाजी सहन नहीं की जाएगी। दोनों नेताओं का कहना था कि एक दूसरे की टांग खिंचाई के बजाए सब मिलकर विधानसभा चुनाव जीतने पर फोकस करें। बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने एक्स पर लिखा 'हरियाणा के किसानों और नौजवानों को भाजपा ने धोखा दिया है। कांग्रेस पार्टी के सभी नवनिर्वाचित सांसदों व हर एक कांग्रेस कार्यकर्ता को बहुत-बहुत बधाई। आने वाले चुनाव में हमें सभी छत्तीस बिरादरी के लोगों का विश्वास हासिल करना है। भाजपा के 10 वर्षों के शासन ने हरियाणा के विकास को रोक दिया है। परीक्षाओं में धांधली हो रही है।

## हुकटा का प्रतिनिधिमंडल शिक्षामंत्री त्रिखा से मिला



**चंडीगढ़।** हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्टचुअल टीचर्स एसोसिएशन, (हुकटा) के प्रदेश अध्यक्ष विजय मलिक ने राज्य सरकार से मांग की कि पहले से विश्वविद्यालयों में कार्यरत अस्थायी, अनुबंधित, पार्ट टाइम, विजटिंग फैकल्टी आदि पदनामों पर कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसरों को नियमित किया जाए और उसके बाद बचने वाले पदों पर नियमित भर्ती की जाए। राज्य के विश्वविद्यालयों में नियमित असिस्टेंट प्रोफेसरों,एसोसिएट प्रोफेसर व प्रोफेसर की स्थायी भर्ती की जा रही है।उनके अनुसार इस भर्ती के लिए इस समय अनुबंध आधार पर कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसरों के पदों को भी रिक्तियों की संख्या में शामिल कर लिया गया है। इसके लिए हुकटा का प्रतिनिधि मंडल चंडीगढ़ में शिक्षामंत्री सीमा त्रिखा से उनके निवास पर मिला और विस्तार से चर्चा की। मंत्री ने आश्वस्त किया किसी का भी रोजगार नहीं छीना जाएगा बल्कि आपका रोजगार सुरक्षित किया जाएगा।

## अपराधों को रोकने में सरकार विफल : गुप्ता



**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने हरियाणा में बढ़ती अपराधिक घटनाओं को लेकर सरकार को घेरा।उन्होंने कहा कि हरियाणा में अपराध चरम सीमा पर है। दिन दहाड़े गोलियां मारी जा रही हैं, फिरौती मांगी जा रही और लोगों की हत्याएं की जा रही हैं। लेकिन सरकार घुटने टेक कर बैठी है। अपराधिक घटनाओं को रोकने में बीजेपी सरकार फेल रही है। लोगों को सड़क पर निकलते हुए डर लगने लगा है। हरियाणा सरकार अपराधियों के सामने पूरी तरह से फेल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि दो दिन पहले हिसार की ऑटो मार्केट में 3 नकाबपोश बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की। गोलियां से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया, दहशत के डर से लोग दुकान बंद करके भाग गए। बदमाशों ने करीब 30 राउंड फायर किए और शोरूम के सामने पर्ची फेंककर 5 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी गई।

# शाह के कार्यक्रम की तैयारी में जुटी भाजपा, 21 विभाग बनाए

## केंद्रीय गृहमंत्री का जोरदार स्वागत होगा, सुरक्षा प्रबंध चाक-चौबंद

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़



**चंडीगढ़।** कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते भाजपा नेता।

प्रदेश में लोकसभा चुनावों के दौरान पांच सीटें हाथ से निकल जाने के बाद से सूबे की नायब सैनी सरकार लगातार राहत भरी घोषणाएं करने में लगी हैं। वहीं, अब हरियाणा में भाजपा हाईकमान आने वाले वक्त में होने वाले विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते रणनीति बना रही है। इस क्रम में पंचकूला में 29 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आ रहे हैं। खास बात यह है कि इस दिन भाजपा के सियासी दिग्गजों का जमावड़ा होगा और अभी से शाह के भव्य स्वागत की तैयारी की जा रही है। सुरक्षा से लेकर अन्य तमाम व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए 21 विभाग बना दिए गए हैं।भाजपा चुनाव प्रबंधन प्रकोष्ठ संयोजक विशाल सेठ का कहना है कि शाह 29 को प्रदेश कार्यकारिणी बैठक हरियाणा में आ रहे हैं। इस बैठक को विशाल स्वरूप में किया जाएगा। जिसके लिए पहले जहां एमडीसी (साकेतड़ी स्थित) भाजपा आफिस पर कार्यक्रम की तैयारी थी लेकिन इसमें आने वाले सियासी दिग्गजों और पदाधिकारियों को देखते हुए स्थान भी बदला गया है।खास बात यहां पर यह है कि विधायक, सांसद और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को पूरे प्रदेश से बुलाया गया है। जनता में भाजपा द्वारा किए गए कामकाज और नीतियों को लेकर मंथन होगा। सभी को सौ दिनों का रोडमैप दिया जाएगा, उस पर भी इसमें मंथन होगा। हर क्षेत्र के लिए ठोस योजना तैयार की गई है। हर विधायक अपने अपने इलाकों के बारे में ब्योरा देगा और लोगों का जीवन बेहतर बनाने के लिए विस्तार से बात रखेंगे। वहीं प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली ने विस्तृत कार्यकारिणी की बैठक में व्यवस्था संभालने के लिए बनाएं 21 विभागों का गठन कर दिया है। विस चुनाव को लेकर बैठक में मंथन किया जाएगा।

### ढाई से तीन हजार लोगों के लिए व्यवस्था

केंद्रीय गृहमंत्री की बड़ी कार्यकारिणी करने के पीछे विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। सेठ का कहना है कि केंद्रीय गृह मंत्री के आगमन और कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा प्रबंधन, के साथ-साथ यहां पर एंट्री के साथ साथ में तमाम व्यवस्था के लिए 21 विभाग बनाए गए हैं। ढाई से तीन हजार लोग में हिस्सा लेंगे। ताऊ देवीलाल स्टेडियम में इसकी व्यवस्था की गई है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई–मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नारनौल | सिंचाई सुविधाओं के प्रावधान (नांगला चौधरी निर्वाचन क्षेत्र) (अटल भू-जल योजना के तहत) और ग्राउंड वाटर टेबल की रिचार्जिंग के लिए नीमवाली तालाब कुलताजपुर को भरने के लिए गांव कुलताजपुर की मौजूदा पाइप लाइन से प्रैशराइज्ड पाइप लाइन का विस्तार और हस्सनपुर डिस्टी. के कि.मी. 8.280/आर से प्राचीन तालाब ठाना को भरने के लिए प्रैशराइज्ड पाइप लाइन बिछाना + 14 कार्य। | बंद होने की तिथि 28.06.2024 | 150.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in |
| 2 | पंचायती राज फतेहाबाद | लोहाखेड़ा – गांव लोहाखेड़ा, ब्लॉक टोहाना में राय सिख चौपाल में निर्माण कार्य, एमपीएलएडी + 1 कार्य। | 24.06.2024 01.07.2024 | 19.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिलाएं), हिसार जिला हिसार में 40 केडब्ल्यू ऑन-ग्रिड/ हाईब्रिड सोलर पावर प्लांट की स्थापना। | 24.06.2024 08.07.2024 | 31.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में कार्य कार्यक्रम 2023-24 के तहत (हैड 5054-ग्रुप-3 के तहत) प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प शाखा, पलवल में होडल निर्वाचन क्षेत्र में कि.मी. 2.05 से 3.60 तक औरंगाबाद से गेहलाब (आईडी 3433) पर 50 मिमी बीएम जमा 20 एमएमपीसी और एचएसएएमबी विभाग द्वारा लोनिवि को हस्तांतरित दिल्ली मथुरा रोड से तुमसारा पर आरडी 0.50 से 0.60 कि.मी. (आईडी 3426), खटेला से गुडराना (आईडी 10704) आरडी 0.00 से 0.65 कि.मी. पर सीसीबी को पुनः बिछाना और आरडी 0 से 0.50 कि.मी. तक विभिन्न 3 अदद रोड 80 मिमी आईपीबी के मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत (जीएसटी के बिना) + 8 कार्य। | बंद होने की तिथि 08.07.2024 | 2642.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज रोहतक | न्यू एमपी – भराण सेखपुर तितरी में जांगड़ा चौपाल का निर्माण (एमपी एलएडी) + 17 कार्य। | 24.06.2024 01.07.2024 | 119.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज गन्नौर, सोनीपत | गांव बजाना कलां, ब्लॉक गन्नौर में शमशान घाट (घनशान पाना) में बरामदा और ब्रिक बैंच का निर्माण, एसएफसी स्कीम + 2 कार्य। | 24.06.2024 01.07.2024 | 27.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015771521 sdoprganaur1@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज सोनीपत | गांव दोदवा, ब्लॉक सोनीपत में कब्रिस्तान की चारदिवारी का निर्माण, एचजीवीवाई + 9 कार्य। | बंद होने की तिथि 01.07.2024 | 44.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज सोनीपत | 1. पानीपत रोड से रमेश पुत्र दरिया के खेत तक बीओईपी रास्ता का निर्माण, 2. दीपक पुत्र जिल्ले सिंह के खेत से चांद के खेत तक बीओईपी रास्ता का निर्माण, 3. मेन डोर से चांद तक बीओईपी रास्ता का निर्माण, 4. गांव सैनीपुरा में रणबीर पुत्र ईश्वर के खेत से दीप फार्म तक बीओईपी रास्ता का निर्माण। | बंद होने की तिथि 01.07.2024 | 30.29 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज सोनीपत | गांव चिटाना, ब्लॉक सोनीपत में स्वागत द्वार का निर्माण + 13 कार्य। | बंद होने की तिथि 01.07.2024 | 108.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 10 | पंचायती राज गन्नौर, सोनीपत | गांव दतौली, ब्लॉक गन्नौर में बी सी चौपाल (शिव मंदिर के पीछे) का निर्माण + 2 कार्य। | 24.06.2024 01.07.2024 | 23.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015771521 sdoprganaur1@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज हिसार | धर्मखेड़ी, हांसी-2, रामगोपाल पुत्र अर्जुन सिंह के खेत से रामकुमार पुत्र प्यारे लाल के खेत तक मोगा नं. 20837/(2 एकड़) जामनी माइनर पर वाटरकोर्स का निर्माण (वीएजीवाई) + 18 कार्य। | 25.06.2024 01.07.2024 | 215.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, सिरसा | गांव रोड फरवैन कलां से बुधभाना, जिला सिरसा पर आरडी 31000 अपस्ट्रीम सिरसा भटिंडा रेलवे लाइन पर घग्गर नदी पर पुल के लिए आकलन। | बंद होने की तिथि 18.07.2024 | 803.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991520122 xenghaggar@gmail.com |
| 13 | पंचायती राज रायपुर रानी, पंचकूला | गांव रामपुर, ब्लॉक रायपुर रानी में रिंकू के खेत से नदी पुल तक क्रेट वायर का निर्माण, स्कीम एसडीए। | 25.06.2024 01.07.2024 | 8.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9646881091 sdopr.raipurrani@ymail.com |
| 14 | पंचायती राज पिंजौर, पंचकूला | कंडियाला – गांव नागल बग्गा, जी.पी. कंडियाला, ब्लॉक पिंजौर (पीकेएल) में आंगनवाड़ी की मरम्मत + 5 कार्य। | 26.06.2024 01.07.2024 | 18.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज हिसार | कंवारी हांसी1, लोनिवि रोड से ओ.पी. जिंदल माइनर तक बीओई सहित रास्ता का निर्माण (एचजीवीवाई) पुनर्निविदा + 16 कार्य। | 21.06.2024 11.07.2024 | 432.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 16 | पंचायती राज झज्जर | 162.64 – गांव लुहारी, ब्लॉक माछरौली में नाला सहित फिरनी की पेवमेंट। | 25.06.2024 01.07.2024 | 136.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 17 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह | एसएचकेएमजीएमसी, नल्हार, नूह में स्थापित स्पेयर पार्ट्स और सभी कंज्यूमेबल समेत 42 लिफ्टों (मेक-हिताची) के लिए प्रचालन और व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। | 28.06.2024 15.07.2024 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01267-282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 18 | पंचायती राज भिवानी | गांव खरक खांड्यान में फुल्ला वाला तालाब में आर/वॉल का निर्माण + 1 कार्य। | 25.06.2024 01.07.2024 | 31.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 19 | पंचायती राज भिवानी | 648 – गांव मुंढाल कलां, ब्लॉक व जिला भिवानी में आईपीबी सहित फिरनी का निर्माण। | 25.06.2024 05.07.2024 | 82.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 20 | पंचायती राज सोनीपत | गांव पिनाना में जीवीएच की चारदिवारी का निर्माण। | बंद होने की तिथि 04.07.2024 | 5.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 21 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में कि.मी. 158.150 से 162.540 तक एनएच-52 (पुराना एनएच-65) की फोर लेनिंग (बरवाला कस्बे में एनएच का आंतरिक भाग) (फाउंडेशन, एचडीपीई पाइप इत्यादि का प्रावधान केवल)। | 25.06.2024 01.07.2024 | 4.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2025/420/27198/I/88/6 दि. 26.06.24

## खबर संक्षेप

### एमएम यूनिवर्सिटी के बीटेक छात्र ने किया सुसाइड

**मुलाना।** एमएम डीम्ड यूनिवर्सिटी के हॉस्टल नंबर 11 में बीटेक के छात्र ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। दरवाजा अंदर से बंद था। जिसके चलते दरवाजा तोड़ना पड़ा। अंदर छात्र खिड़की से लटका मिला। पुलिस के अनुसार मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। बताया जा रहा है कि छात्र ने कुछ दिन पहले सुसाइड किया है। शव की पहचान 22 वर्षिय कुलदीप वासी नेपाल के रूप हुई है। कुलदीप बीटेक द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। कुलदीप द्वारा आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मार्चरी में रखवा दिया है। जांच अधिकारी प्रेमपाल ने बताया कि मामले में परिजनों को सुचित किया गया है। जब वो आएंगे तब कार्रवाई की जाएगी।

### रि.अपीयर व मर्सी चांस की परीक्षाएं 30 से

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा डीएलएड प्रवेश वर्ष-2022 द्वितीय वर्ष की नियमित एवं प्रवेश वर्ष-2019, 2020, 2021 व 2022 की प्रथम व द्वितीय वर्ष की रि.अपीयर व मर्सी चांस की परीक्षाओं का संचालन 30 जुलाई, 2024 से करवाया जा रहा है। इन परीक्षाओं का तिथि-पत्र बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने आज यहाँ एक प्रेस वक्तव्य में आज यहां विस्तार से बताया कि डीएलएड प्रवेश वर्ष-2022 द्वितीय वर्ष की नियमित एवं प्रवेश वर्ष-2019, 2020, 2021 व 2022 की प्रथम व द्वितीय वर्ष की रि.अपीयर व मर्सी चांस की परीक्षाओं का संचालन 30 जुलाई से 22 अगस्त, 2024 तक करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन परीक्षाओं का समय दोपहर 2 00 बजे से सायं 5:00 बजे तक रहेगा।

# गुजरानी की पंचायत ने लिया फैसला, कच्छा-कैपरी पहनने पर लगाई रोक

दीपक कुमार डुमड़ा ⏭ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा हलके के गांव गुजरानी में पंचायत द्वारा घर से बाहर कच्छा-कैपरी पहनने पर रोक लगा दी है। एक तरफ इस अलग प्रकार के हटकर निर्णय को लोग सराह रहे हैं तो युवा पीढ़ी इसे पुराने विचारों की बात कर रही है। गांव गुजरानी के सरपंच प्रतिनिधि सुरेश की अध्यक्षता में ग्रामीणों, गांव के मौजिजान व्यक्तियों द्वारा निर्णय लिया कि संस्कृति को बचाए रखने के लिए ऐसे ठोस कदम जरूरी हैं। क्योंकि अक्सर युवा कच्छा कैपरी पहने कुंओं पर पानी भरती महिलाओं के पास, बाजारों में, दुकानों आदि में देखे जाते हैं जिससे दृष्टि में तबदीली आना लाजमी हो जाता है और इससे हमारी मानसिकता पर प्रभाव पड़ता है।

### सरपंच प्रतिनिधि बोले, सभ्यता व संस्कृति बचाए रखने के लिए ऐसा जरूरी

#### मुनादी करवाकर किया जागरूक

सरपंच प्रतिनिधि सुरेश कुमार ने बताया कि कच्छा-कैपरी के गांव में प्रतिबंध के लिए बाकायदा सलाह मशवरा करके मुनादी कराई गई है जिसमें सभी का सहयोग मिल रहा है। हमें अपनी संस्कृति को बनाए रखने के लिए अपने आप में झांकना होगा। अक्सर घुटने तक के कच्छा कैपरी को डालकर युवा अपनी अदब तहजीब को भूलते जा रहे हैं। इसलिए हमें इस पर रोकथाम लगाना जरूरी है।



बवानीखेड़ा। बवानीखेड़ा हलके के गांव गुजरानी में पंचायत द्वारा घर से बाहर कच्छा-कैपरी पहनने पर रोक पर विचार-विमर्श करते हुए।

#### एकजुट हुए तो कारगर सिद्ध होगा फैसला

सरपंच प्रतिनिधि सुरेश कुमार ने कच्छा-कैपरी के निर्णय पर बताया कि ऐसा नहीं है कि पंचायत ने कोई कानून बनाया है, केवल एक परंपरा को बनाए रखने की कोशिश की गई है। क्योकि हम ऐसा करके अपने आपको धोखा दे रहे हैं कच्छा-कैपरी को पहनने का वस्त्र नहीं है केवल अंग प्रदर्शन का जरिया है जिससे हमारी मानसिकता धूमिल होती है। आज रिश्तों की महता समाप्त दिखाई देने लगी है इसलिए हमें हमारे बुजुर्गों की सोच और पुरानी परंपराओं को बनाए रखना होगा और सभी को सहयोग करना होगा।

# मनेठी में थार गाड़ी को आग लगाई

- पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

मनेठी में गांव के तीन लोगों ने मंगलवार की रात जमकर उत्पात मचाया। एक थार गाड़ी को डीजल डालकर आग के हवाले कर दिया, जबकि स्कॉर्पियो गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उनकी तलाश शुरू कर दी।

पुलिस शिकायत में मनेठी निवासी विवेक ने बताया कि वह अपने दोस्त मोनू के पास उसके समारोह स्थल में रहता है। रात को उसकी थार गाड़ी घर के बाहर खड़ी थी। उसने आरोप लगाया कि रात को गांव के ही रहने वाले श्याम सुंदर, टोनी व मोनी उसकी गाड़ी के पास पहुंचे। इनमें से एक ने गाड़ी का कुल्हाड़ी से शीशा तोड़ दिया, जबकि एक ने डीजल डालकर गाड़ी को आग लगा दी। इसी दौरान विवेक घर से बाहर आया तो आरोपी उसे देखकर भाग गए। उसने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक उसकी गाड़ी बुरी तरह जल चुकी थी। आग लगने के कारण मकान के दरवाजे जल गए। दीवार पर लगी टाइलें भी आग से टूट गईं।



रेवाड़ी। मनेठी में आग लगाने से जली थार गाड़ी। फोटो : हरिभूमि

#### बाद में स्कॉर्पियो के शीशे तोड़े

विवेक ने आरोप लगाया कि कैंपर गाड़ी से भागने के बाद आरोपी उसके दोस्त मोनू के घर पहुंच गए। इन लोगों ने दीवार फांदकर मोनू की स्कार्पियो गाड़ी को भी कुल्हाड़ी से क्षतिग्रस्त कर दिया। दोनों की गाड़ियों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। थाना खोल पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

### पत्नी सहित जमीन पर कब्जा लेने आया था, लाठियां-ईंटें चलीं, गाड़ियां तोड़ी

# टोहाना में जमीनी विवाद को लेकर रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर की हत्या

हमले में दर्जनभर लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें टोहाना के नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

फतेहाबाद के टोहाना खंड के गांव पिरथला में आज जमीनी विवाद के चलते सिरसा निवासी एक अधेड़ व्यक्ति की हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है उस पर लाठियों व ईंटों से हमला हुआ, जिस कारण उसकी जान चली गई। हमले में दर्जनभर लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें टोहाना के नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए लाया गया है। मृतक रिटायर्ड पुलिस सब इंस्पेक्टर था। बताया जा रहा है जमीनी विवाद को लेकर उपजे विवाद में फायरिंग भी हुई। उसके बाद वहां खड़ी तीन गाड़ियों को तोड़ दिया गया और दो गाड़ियों को पलट भी दिया गया। सूचना पाकर टोहाना थाना एसएचओ अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

सिरसा निवासी रोशनी देवी और उसकी बहन कलावती का पिरथला में अपने दिवंगत भाई व ताया के परिवार के साथ पारिवारिक जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसको लेकर बीते दिनों रोशनी देवी ने फतेहाबाद एसपी को लिखित में शिकायत भी दी थी। एसपी को दी शिकायत में रोशनी देवी धर्मपत्नी रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर ओमप्रकाश ने बताया था कि उसके पिता मनफूल की 20 साल पहले मृत्यु हो गई, उसके दोनों भाई भी 7 साल पहले चल बसे थे। उसके पिता मनफूल, ताया पतराम व मलू राम की सांझे खाते में जमीन था। तीनों की मौत के बाद 137 कनाल 4 मरले जमीन पर तीनों के वारिस काबिज हो गए। अपने पिता के हिस्से की जमीन पर वह और उसकी बहन राजस्थान के झांसल निवासी कलावती व उनके भाईयों की पत्नियां, बेटियां व बेटे आदि काबिज थे। इस पर 2020 में उन्होंने तकसीम करवाने के लिए तहसील कार्यालय टोहाना में प्रार्थना पत्र दिया तो उस पर उनके भाइयों के वारिस कोर्ट में नहीं आए, जिस पर उनके प्रार्थना पत्र अनुसार तकसीम कर दी गई।

शिकायतकर्ता अनुसार अब 34 कनाल 11 मरले जमीन उसकी व उसकी बहन कलावती के हिस्से में आती है। उन्होंने बताया कि अब उसके दिवंगत भाई नरसी की पत्नी व पुत्र उनके ताया के वारिसों के साथ मिलकर उनकी जमीन से फसल काटने पर रोकते हैं। आरोप है कि उन्हें कहा जाता है कि यह जमीन उनकी है और रोकने पर उन्हें मारने को उतारू रहते हैं।

#### दोनों पक्षों में विवाद एक बड़े झगड़े में तब्दील हो गया

गांव पिरथला से मिली जानकारी के अनुसार आज रोशनी, उसके पति रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर ओमप्रकाश जमीन का कब्जा लेने के लिए आधा दर्जन गाड़ियों में करीब 50 लोगों के साथ गांव में पहुंचे। एक गाड़ी में वे अपने साथ सीमेंट के खंभे भी लाए, ताकि जमीन पर तारबंदी की जा सके। बताया जा रहा है कि लोगों के हाथों में लाठियां व एक- दो के पास पिस्तौल भी थी। बताया गया है कि आते ही वे जमीन पर कब्जा रखने वाले रिश्तेदार राजेंद्र की ढाणी में घुस गए, वहां पर उनमें जमकर विवाद हुआ और इसी दौरान फायरिंग की गई। सूचना पाकर गांव के भी काफी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद दोनों पक्षों में विवाद एक बड़े झगड़े में तब्दील हो गया। वहां मौजूद लोगों ने खड़ी गाड़ियों को पलटना व तोड़ना शुरू कर दिया। इसी दौरान चली लाठी डंडों में रोशनी देवी व ओमप्रकाश सहित करीब 8-9 लोग घायल हो गए। जिन्हें टोहाना नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां ओमप्रकाश को मृत घोषित कर दिया गया। उधर गाड़ियों में आए बाकी लोग मौके से फरार हो गए। लोगों का कहना है कि राजेंद्र का परिवार 50-60 सालों से इस जमीन पर काश्त कर रहा था। टोहाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



# ओमप्रकाश और सुमन कादयान की तीन पुस्तकों का विमोचन



**चंडीगढ़।** हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकूला के सभागार में बुधवार को प्रसिद्ध साहित्यकार, यायावर डॉ ओमप्रकाश कादयान का नव प्रकाशित कहानी संग्रह 'सर्दी की एक रात ' तथा लेखिका डॉ सुमन कादयान के दो कविता संग्रह 'महकता मधुमास' व 'कतरा कतरा जिंदगी' का विमोचन किया गया। इन तीनों पुस्तकों का विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि , पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, भठिंडा के चांसलर प्रो जगबीर सिंह तथा हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के वाइस चेयरमैन डॉ कुलदीप चन्द अग्निहोत्री , संस्कृत प्रकोष्ठ के निदेशक डॉ सीडीएस कौशल ने किया। इस मौके पर हरचरण सिंह ग्रेवाल, हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव डॉ रमणीक सिंह मान, बिजेंद्र कुमार, मनीषा नांदल, प्रोफेसर अरुण शर्मा व अन्य मौजूद रहे।

# दंपती हत्या मामला: पुलिस ने लड़की के सगे भाई और ममेरे भाई को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

- मीना और तेजवीर ने अप्रैल महीने में गाजियाबाद के आर्य समाज मंदिर में किया था विवाह

हरियाणा में एक नवविवाहित जोड़े की हत्या के मामले में पुलिस ने महिला के सगे भाई और एक ममेरे भाई को गिरफ्तार किया है। महिला और उसके पति की हिसार से करीब 26 किलोमीटर दूर हांसी कस्बे में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हांसी के पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में शामिल गांव सुल्तानपुर निवासी सचिन मृतक महिला मीना का छोटा भाई है, जबकि जींद जिले के गांव दरियावाली का रहने वाला राहुल उसका ममेरा भाई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नवविवाहित जोड़े मीना (24) और तेजवीर (27) की गोली मारकर हत्या करने की घटना सोमवार को हांसी के लाला हुकुम चंद जैन पार्क में हुई थी। उन्होंने कहा कि घटना के संबंध में मंगलवार को सचिन (21) और राहुल (22) को गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने कहा कि दोनों को दरियावाली गांव से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक, सुल्तानपुर निवासी मीना और बडाला गांव के तेजवीर ने अप्रैल महीने में गाजियाबाद के आर्य समाज मंदिर में विवाह किया था। अधिकारियों ने बताया कि महिला का परिवार इस शादी के खिलाफ था। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सचिन ने मीना और तेजवीर को पार्क में बुलाया था, जहां उसने राहुल के साथ मिलकर दोनों को गोली मार दी। उन्होंने बताया कि तेजवीर के पिता की शिकायत पर 11 लोगों के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मामले की जांच जारी है तथा इस घटना में अन्य कोई भी शामिल पाया गया तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले राज्यपाल



**चंडीगढ़।** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने बुधवार को परिवार सहित संसद भवन, नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। राज्यपाल ने स्मृति चिन्ह के रूप में भगवान श्री कृष्ण के विराट स्वरूप की प्रतिमा भेंट की। इस मौके पर उनके परिजन भी मौजूद रहे।

# नशे की तस्करी करने वाला गिरफ्तार आरोपी से 200 नशे की गोलियां बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम ने नशे की तस्करी करने वाले आरोपी को काबू करके नशे पर प्रहार करते हुए बडी सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की गिरफ्तार आरोपी सुरेन्द्र वासी दौलतराम कॉलोनी रेलवे रोड गौतम बुध नगर नोएडा उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर पॉवर हाउस सराय ख्वाजा एरिया से मोटरसाइकिल सहित काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से 200 टैबलेट बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना सराय ख्वाजा में नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को पूछताछ के लिए अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।



**फरीदाबाद।** क्राईम ब्रांच बदरपुर बार्डर की गिरफ्त में आरोपी।

# फार्म हाउस मालिक से पचास हजार रुपये महीने की रंगदारी मांगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

- पुलिस आयुक्त ने मामले की जांच के लिए शिकायत थाना बीपीटीपी भेजी

गांव भतौला में एक फार्म हाउस मालिक को गांव के ही एक व्यक्ति ने हर महीने 50 हजार रुपये रंगदारी मांगी है। न देने पर जान से मार देने की धमकी दी है। थाना बीपीटीपी में दर्ज कराए गए मामले में सेक्टर-15ए निवासी महेश कुमार बजाज ने बताया कि उसने गांव भतौला सेक्टर-83 में फार्म हाउस बना रखा है। इसकी चहारदीवारी की हुई है। इसमें कुछ जमीन उसने गांव भतौला निवासी दल्लू राम के बेटे महावीर व रणबीर से खरीदी थी। इसकी रजिस्ट्री करवाई हुई है। 22 जून को फार्म में मिस्त्री काम कर रहे थे। तभी वहां मौजूद उसके नौकर रामपाल ने बताया कि छत्रपाल अपनी पत्नी के साथ आकर यहां काम रुकवा रहा है।

इसकी सूचना तत्काल डायल 112 पर दी। पुलिस मौके पर पहुंची गई तब आरोपी निकल गए। 24 जून को वह फार्म पर पहुंचा तो वहां फिर से छत्रपाल अपनी पत्नी के साथ आ गया और कहा कि यह मेरा गांव है। यहां रहना है तो 50 हजार रुपये मासिक रंगदारी देनी होगी। नहीं तो मैं तेरी जमीन पर कब्जा कर लूंगा। साथ जान से मार देने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि छत्रपाल के नाम पर इस रकबे में कोई जमीन नहीं है। उसने इस संबंध में पुलिस आयुक्त को शिकायत दी। पुलिस आयुक्त ने मामले की जांच के लिए शिकायत थाना बीपीटीपी भेजी। अब पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नशे से दूर रहने की दिलवाई शपथ

- नशामुक्त हरियाणा पखवाड़े के समापन अवसर पर पंचकूला में राज्य स्तरीय समारोह आयोजित
- पुलिस महानिदेशक ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों तथा विजेता प्रतिभागियों को किया सम्मानित

**पंचकूला।** 'नशामुक्त भारत पखवाड़े' के तहत हरियाणा पुलिस द्वारा 12 जून से लेकर 26 जून तक 'नशामुक्त हरियाणा पखवाड़ा' मनाया गया। हरियाणा पुलिस द्वारा इस पखवाड़े के समापन अवसर पर आज पंचकूला के सेक्टर-14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों तथा अन्य लोगों से नशे से दूर रहने की अपील की। इस मौके पर डीजीपी ने पखवाड़े के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले 23 अधिकारियों, कर्मचारियों तथा नशामुक्ति पर आधारित प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को अपने कर कमल से सम्मानित किया। उन्होंने नशामुक्ति को लेकर उपस्थित लोगों को शपथ भी दिलवाई।

अपने विचार रखते हुए पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने सभी का आह्वान करते हुए उन्हे नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। आंकड़े सांझा करते हुए उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में जहां एनडीपीएस एक्ट के तहत 3800 से ज्यादा मुकदमे दर्ज किए गए थे वहीं इस वर्ष अब तक यह संख्या लगभग 1600 है। यह आंकड़ा दर्शाता है कि हमारे समाज में नशे की उपलब्धता पहले से कम है। इसी प्रकार, वर्ष 2023 में प्रदेश में लगभग 5500 नशा तस्करों की गिरफ्तारी की गई जबकि इस वर्ष 25 जून तक 2269 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि सिरसा तथा फतेहाबाद जिला में नशे की समस्या अन्य जिलों की अपेक्षा अधिक सामने आई। इन जिलों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए हरियाणा पुलिस द्वारा नशा मुक्त करने को लेकर मुहिम चलाई गई और 100 से अधिक गांवो अथवा वार्डो को नशामुक्त किया गया।

इसके साथ ही प्रदेश में नशा करने वालों का इलाज करवाने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए गए ताकि वे नशे से दूर रह सके। उन्होंने युवाओं का आहवाहन करते हुए कहा कि वे नशे को पूरे आत्मविश्वास से 'ना' कहने की क्षमता रखें और अन्य लोगों को भी नशे के दुष्प्रभावो के बारे में जागरूक करें।

### मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई हरियाणा राज्य प्रतिपूरक वनरोपण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण की बैठक

# भूमि प्रबंधन निदेशालय स्थापित करने की योजना

- कैम्पा की 7वीं संचालन समिति की बैठक में 125 .68 करोड़ रुपये की वार्षिक संचालन योजना को मंजूरी
- प्रतिपूरक वनरोपण, अतिरिक्त प्रतिपूरक वनरोपण तथा दंडात्मक प्रतिपूरक वनरोपण के अंतर्गत लगाए जाएंगे 7 .52 लाख से अधिक पौधे

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद की अध्यक्षता में बुधवार यहां हुई हरियाणा राज्य प्रतिपूरक वनरोपण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (कैम्पा) की 7वीं संचालन समिति की बैठक में 125.68 करोड़ रुपये की वार्षिक संचालन योजना को मंजूरी दी गई। इस योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 के दौरान 748.36 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रतिपूरक वनरोपण (सीए), अतिरिक्त प्रतिपूरक वनरोपण (एसीए) तथा दंडात्मक प्रतिपूरक वनरोपण (पीसीए) के अंतर्गत 7.52 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। मुख्य सचिव ने बताया कि राज्य सरकार भूमि प्रबंधन निदेशालय स्थापित करने की योजना बना रही है। इस निदेशालय का उद्देश्य भूमि की पहचान करना और अनिवार्य वनरोपण करना भी होगा।

बैठक में बताया गया कि राज्य के उत्तरी भाग में शिवालिक पर्वतीय क्षेत्र तथा दक्षिणी भाग में अरावली पर्वतीय क्षेत्र अपनी पहाड़ी तथा ऊंची-नीची स्थलाकृति के कारण अपवाह एवं मृदा कटाव के लिए अत्यधिक संवेदनशील हैं। बरसात के मौसम में इन क्षेत्रों से वर्षा का पानी तेजी से बह जाता है, जिससे मिट्टी का कटाव होता है और ऊपरी मृदा नष्ट हो जाती है। इसलिए, मिट्टी के बांधों, चिनाई की संरचनाओं, सीमेंट कंक्रीट संरचनाओं, चेक डैम, गाद निरोधक बांधों और क्रेट वायर स्ट्रक्चर के निर्माण समेत विभिन्न मृदा संरक्षण उपायों की आवश्यकता है। इस उद्देश्य के लिए 40 करोड़ रुपये का पर्याप्त बजट आवंटित किया गया है, जिसमें से 20 करोड़ रुपये मृदा संरक्षण पर खर्च किए जाएंगे।

वर्ष 2024-25 के लिए वन्यजीव प्रबंधन योजना के तहत संरक्षित क्षेत्रों में आवास सुधार और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 4.96 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। राज्य द्वारा वन्यजीव विंग के माध्यम से 2 राष्ट्रीय उद्यानों, 7 वन्यजीव अभयारण्यों, 2 कंजर्वेशन रिजर्व और 5 कम्यूनिटी रिजर्व का प्रबंधन किया जा रहा है। कृत्रिम पुनर्जनन (एआर) और सहायक प्राकृतिक पुनर्जनन (एएनआर) घटक के तहत, प्रदेश में 400 हेक्टेयर क्षेत्र में 4.40 लाख पौधे लगाए जाएंगे।



**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य प्रतिपूरक वनरोपण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण की बैठक को संबोधित करते मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद। फोटो : हरिभूमि

## टी20 क्रिकेट विश्व कप : सेमीफाइनल मुकाबलों में आज बारिश के आसार

# भारत के सामने नॉकआउट की पहेली इंग्लैंड से बदला चुकता करने का मौका

**भारत ने 11 साल से नहीं जीती है आईसीसी की कोई ट्राफी**

एजेंसी ▶▶| जॉर्जटाउन

आक्रामक बल्लेबाजी रवैए के साथ भारत गुरुवार को यहां टी20 क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल में जब गत चैंपियन इंग्लैंड से भिड़ेगा तो एक दशक से अधिक समय से नॉकआउट चरण में हार के सिलसिले को तोड़ने की कोशिश करेगा। पिछली बार जब ये दोनों टीमें इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भिड़ी थी तो इंग्लैंड ने भारत को 2022 में 10 विकेट से रौंद दिया था। एडिलेड में 10 विकेट की करारी हार के बाद से भारत शीर्ष क्रम में अपने रूढ़िवादी रवैए को छोड़ने में सफल रहा और इस प्रतियोगिता में अब तक अजेय रहा है।

प्रोविडेंस स्टेडियम में संभावित परिस्थितियों को देखते हुए कागजों पर रोहित शर्मा और उनकी टीम मजबूत नजर आती है और बदला चुकता करने के लिए तैयार दिखती है। स्पिनरों ने शुरुआती मैच से ही यहां गेंदबाजी का आनंद लिया है और भारत के कुलदीप यादव और इंग्लैंड के आदिल राशिद जैसे खिलाड़ी नॉकआउट मुकाबले में अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए बेताब होंगे। तेज गेंदबाजों को भी इस मैदान पर सफलता मिली है। दिलचस्प बात यह है कि आठ जून के बाद से यहां कोई मैच नहीं खेला गया है। उस दिन वेस्टइंडीज ने युगांडा के खिलाफ आसान जीत दर्ज की थी। इससे क्यूरेटर को इस हाई प्रोफाइल मैच के लिए उपयुक्त पिच तैयार करने के लिए अतिरिक्त समय मिल गया।



### 17 साल से खिताब का सूखा

भारतीय टीम ने आखिरी बार 2007 में टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया था। टूर्नामेंट के डेब्यू सीजन में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली टीम ने फाइनल में पाकिस्तान को 5 रन से हराया था। रोहित शर्मा भी इस विजेता टीम का हिस्सा थे। ऐसे में अब रोहित की नजर 17 साल का सूखा खत्म करने पर है। दूसरी ओर भारत ने 11 साल से आईसीसी की कोई ट्राफी नहीं जीती है। भारतीय टीम ने आखिरी बार 2013 में चैंपियंस ट्राफी जीती थी।

### मैच रद्द होने पर भारत खेलेगा फाइनल

अगर बारिश के कारण टी20 विश्व कप 2024 में भारत बनाम इंग्लैंड का दूसरा सेमीफाइनल मैच धुल जाता है तो भारतीय टीम को फायदा होगा। दरअसल, भारत ने ग्रुप स्टेज और सुपर-8 में अपने सभी मैच जीते हैं। सुपर-8 में भारत ने अपने तीनों मैचों में जीत दर्ज की है। उनके खाते में छह अंक हैं जबकि इंग्लैंड के खाते में चार अंक हैं। इस आधार पर भारत फाइनल के लिए आसानी से क्वालिफाई कर लेगी।

### मैच पर बारिश का साया



भारत बनाम इंग्लैंड मैच पर बारिश का साया मंडरा रहा है। मौसम रिपोर्ट के अनुसार, गयाना में सुबह 70 प्रतिशत बारिश की संभावना है। वहीं, तापमान 31 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। इस मुकाबले की विजेता टीम फाइनल में प्रवेश कर लेगी। हालांकि, मैच के दिन बारिश और आंधी-तूफान की संभावना जताई गई है। ऐसे में यह मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ सकता है।

### द.अफ्रीका और अफगानिस्तान के बीच होगा ऐतिहासिक जंग





**तारोबा।** टूर्नामेंट में इतिहास रचने वाले अफगानिस्तान का सामना टी20 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में गुरुवार को यहां जब सदाबहार दक्षिण अफ्रीका से होगा तो यह मुकाबला परिणाम के बावजूद ऐतिहासिक होगा। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने टूर्नामेंट में अपने सातों मैच जीते हैं लेकिन इस आईसीसी प्रतियोगिता का आकर्षण अफगानिस्तान रहा है। टीम अपने देश में युद्ध की तबाही से ऊपर उठी और संघर्ष के जज्बे की बदौलत 2021 के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को भी शिकस्त दी जिसे उन्होंने पहले कभी नहीं हराया था। अफगानिस्तान इससे पहले कभी विश्व कप सेमीफाइनल में नहीं खेला और दक्षिण अफ्रीका को हराने के लिए उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण अफ्रीका के घाव भी गहरे हैं लेकिन वे विशुद्ध रूप से क्रिकेट से जुड़े हैं। अतीत में दक्षिण अफ्रीका ने कुछ मजबूत टीमें तैयार की लेकिन 1991 में विश्व क्रिकेट में पुनः प्रवेश के बाद से कभी भी टी20 या 50 ओवर के विश्व कप के खिताबी दौर में प्रवेश नहीं कर पाया।

**यूरो 2024**

## गोलरहित ड्रॉ के साथ इंग्लैंड और स्लोवेनिया नॉकआउट में



एजेंसी ▶▶| कोलोन

इंग्लैंड ने यहां स्लोवेनिया के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेलकर ग्रुप सी के विजेता के रूप में यूरो 2024 फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह बनाई। मंगलवार को कोलोन स्टेडियम में हुआ मुकाबला ड्रॉ खेलकर स्लोवेनिया की टीम भी अगले दौर में प्रवेश करने में सफल रही जबकि क्रोएशिया टूर्नामेंट से बाहर हो गया। इंग्लैंड और स्लोवेनिया के बीच हुए मुकाबले में गोल करने में काफी अधिक मौके नहीं बने। इंग्लैंड के स्थानापन्न खिलाड़ी कोल पाल्मर के पास हालांकि इंजरी टाइम में टीम के जीत दिलाने का मौक था लेकिन उनके शॉट को स्लोवेनिया के गोलकीपर यान ओबलाक ने रोक दिया। इंग्लैंड की टीम प्री क्वार्टर फाइनल में तीसरे स्थान पर रहने वाली एक टीम से भिड़ेगी। ग्रुप डी में काइलियान एमबाप्पे ऑस्ट्रिया के खिलाफ पहले मैच में नाक में फ्रेक्चर के बाद मास्क लगाकर खेलने उतरे और उन्होंने गोल भी दागा लेकिन इसके बावजूद फ्रांस को पोलैंड ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया।

### अर्जेन्टीना ने चिली को 1-0 से हराया

**ईस्ट रदरफोर्ड।** लॉटेरो मार्टिनेज ने 88वें मिनट में रिबाउंड पर गोल दागा जिससे गत चैंपियन अर्जेंटीना ने चिली पर 1-0 की जीत के साथ कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। मार्टिनेज का राष्ट्रीय टीम के लिए यह 26वां गोल है। अर्जेंटीना छह अंकों के साथ ग्रुप ए में सबसे आगे है।

### 1-0 से जीता कनाडा

**कन्सास सिटी।** जोनाथन डेविड के 74वें मिनट में दागे गोल की मदद से कनाडा ने कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट में पेरू को 1-0 से हरा दिया। कनाडा की 24 वर्षों में अपने दक्षिण अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ यह पहली जीत है। डेविड का यह कनाडा के लिए 27वां गोल है।

**खबर संक्षेप**



### जर्मनी में अभ्यास करेंगे पांच भारतीय मुक्केबाज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल को छोड़कर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पांच अन्य भारतीय मुक्केबाज पेरिस ओलंपिक से पहले जर्मनी में एक महीने तक चलने वाले अभ्यास शिविर में भाग लेंगे। यह अभ्यास शिविर 28 जून से शुरू होगा जिसमें विश्व चैंपियन निकहत जरीन (50 किग्रा) और टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) सहित पांच भारतीय मुक्केबाज आयरलैंड, अमेरिका, मंगोलिया, जर्मनी और डेनमार्क की राष्ट्रीय टीमों के साथ जर्मनी के सारब्रुकेन के ओलंपिक केंद्र में अभ्यास करेंगे।

### भारत में बनेंगे 100 पिकलबॉल कोर्ट

**मुंबई।** पिकलबॉल खेल को बढ़ावा देने के लिए अगले दो साल में अखिल भारतीय पिकलबॉल संघ से मान्यता प्राप्त 100 कोर्ट बनाए जाएंगे।



एआईपीए और पूर्व भारतीय क्रिकेटर और राष्ट्रीय चयनकर्ता जतिन परांजपे द्वारा स्थापित डिजिटल प्लेटफॉर्म 'खेलोमोर' के बीच घोषित साझेदारी के अंतर्गत इन कोर्ट को बनाने के लिए पांच करोड़ रुपए की राशि का निवेश किया जाएगा। परांजपे ने कहा, 'एआईपीएल पिकलबॉल के लिए वही है जो भारतीय क्रिकेट के लिए बीसीसीआई है। हमें यकीन है कि यह साझेदारी भारत में इस खेल को आगे बढ़ाने में मदद करेगी।'

### एशियाई खेलों में योग को शामिल करने की वकालत

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने बुधवार को एशियाई खेलों के कार्यक्रम में योग को शामिल करने की वकालत की क्योंकि भारत इसकी लोकप्रियता को बढ़ाना चाहता है।



एशियाई ओलंपिक परिषद के अध्यक्ष राजा रणधीर सिंह को लिखे पत्र में इस पूर्व दिग्गज एथलीट ने महाद्वीप के खेल समुदाय से एशियाई खेलों के कार्यक्रम में योग को शामिल करने का आग्रह किया।

## ओलंपिक : हरमनप्रीत सिंह को भारतीय हॉकी टीम की कमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



हॉकी इंडिया ने अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए बुधवार को 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें हरमनप्रीत सिंह को कप्तान और हार्दिक सिंह को उप कप्तान बनाया गया।

टोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को गत चैम्पियन बेल्जियम, आस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है। पूल अंक तालिका में शीर्ष चार में रहने वाली टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। भारतीय खिलाड़ी इस समय बेंगलुरु के साई केंद्र में राष्ट्रीय शिविर में ओलंपिक की तैयारी में व्यस्त हैं। अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश और मिडफील्डर मनप्रीत सिंह चौथी बार ओलंपिक में भाग लेंगे जबकि कप्तान हरमनप्रीत का यह तीसरा ओलंपिक होगा।

**टीम इस प्रकार**

**गोलकीपर** : पी आर श्रीजेश
**डिफेंडर** : जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय
**मिडफील्डर**: राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद
**फॉरवर्ड**: अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, मंदीप सिंह, गुरजंत सिंह
**वैकल्पिक खिलाड़ी** : नीलकांत शर्मा, जुगराज सिंह, कृष्ण बहादुर पाठक ।

### पीजीटीआई के अध्यक्ष बने कपिल

**नई दिल्ली।** भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान रहे कपिल देव ने भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर के नए अध्यक्ष का पद संभाल लिया है। यह पद इस प्रतिष्ठित पूर्व क्रिकेटर के लिए एक नई शुरुआत है जिन्होंने एमेच्योर गोल्फ खिलाड़ी के रूप में भी शानदार प्रदर्शन किया है। पैंसठ वर्षीय कपिल पहले से ही उपाध्यक्ष के रूप में पीजीटीआई बोर्ड के सदस्य थे। उन्हें सर्वसम्मति से चुना गया। वह एचआर श्रीनिवासन की जगह लेंगे जिनका कार्यकाल समाप्त हो गया है।



कपिल को एक अच्छे गोल्फ खिलाड़ी के रूप में जाना जाता है।

## सूर्यकुमार को पछाड़कर नंबर एक टी20 बल्लेबाज बने हेड



एजेंसी ▶▶| दुबई

ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम रैंकिंग में भारत के सूर्यकुमार यादव को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन गए। सूर्यकुमार यादव दिसंबर 2023 से शीर्ष पर थे। हेड ने मौजूदा टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन की बदौलत नंबर एक रैंकिंग हासिल की। हेड ने टूर्नामेंट में दो अर्धशतक की मदद से 255 रन बनाए जिसमें सुपर आठ मुकाबले में भारत के खिलाफ 76 रन की पारी भी शामिल है।

हेड सूर्यकुमार (842 अंक) से दो अंक आगे हैं। सूर्यकुमार दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं लेकिन उनके पास दोबारा नंबर एक रैंकिंग हासिल करने का मौका है क्योंकि भारत टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बना चुका है और इस बल्लेबाज को और मौके मिलेंगे।

**पेरिस ओलंपिक**

## जूडोका तूलिका ने हासिल किया ओलंपिक कोटा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तूलिका मान ओलंपिक में जगह बनाने को लेकर सुनिश्चित नहीं थी लेकिन अब पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने के बाद इस भारतीय जूडो खिलाड़ी को पदक जीतने की उम्मीद है और उन्होंने कम से कम कांस्य पदक के प्ले ऑफ में जगह बनाने को लक्ष्य बनाया है। राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता 25 साल की तूलिका ने मंगलवार को 78 किग्रा से अधिक वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए महाद्वीपीय कोटा हासिल किया। तूलिका ने साइ मीडिया से कहा, 'जूडो हमेशा से ही हैरान करने वाली चीजों से भरा रहा है और कोई नहीं जानता कि कब क्या हो जाए।

इसलिए कोई नहीं जानता कि उस दिन क्या होगा। देखिए कैसे मैंने पेरिस ओलंपिक में जगह बनाई। लेकिन अपनी ट्रेनिंग को देखते हुए मुझे उम्मीद है कि अगर मैं फाइनल में जगह नहीं भी बना पाई तो कम से कम कांस्य पदक के मुकाबले में पहुंचूंगी। हम स्वर्ण पदक के लिए ट्रेनिंग कर रहे हैं।'

### तैराक नटराज, देसिंघु की ओलंपिक में खेलने की पुष्टि



**नई दिल्ली।** भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज और धीनिधि देसिंघु 'यूनिवर्सेलिटी प्लेस क्वालिफिकेशन प्रणाली' के जरिए पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेंगे। अगर किसी देश का कोई तैराक ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाता तो इस प्रणाली के जरिए देश अपने दो सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले तैराकों के नाम की सिफारिश इन प्रतिष्ठित खेलों के लिए कर सकता है। भारतीय तैराकी महासंघ ने दोनों वर्ग (महिला और पुरुष) के लिए 'यूनिवर्सेलिटी प्लेस' का दावा किया क्योंकि कोई भी भारतीय तैराक पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाया। एसएफआई के महासचिव मोनल चोकसी ने बताया, 'किसी भी भारतीय तैराक ने सीधे क्वालीफिकेशन हासिल नहीं किया इसलिए एसएफआई ने दोनों वर्ग के लिए 'यूनिवर्सेलिटी प्लेस' का दावा किया।

## रॉबिन्सन ने एक ओवर में दिए शर्मनाक 43 रन

एजेंसी ▶▶| ब्राइटन




इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन ने बुधवार को काउंटी चैम्पियनशिप मैच में 43 रन लुटाकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट इतिहास में दूसरा सबसे महंगा ओवर फेंकने का अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। दाएं हाथ के गेंदबाज रॉबिन्सन (30 वर्ष) ने इंग्लैंड के लिए 2021 में पदार्पण के बाद 20 टेस्ट खेले हैं।

उन्होंने होव में यहां ससेक्स के लिए खेलते हुए लीसेस्टरशर के खिलाफ डिवीजन दो मैच में अपना ओवर पूरा करने के लिए कुल नौ गेंद फेंकी जिन पर 43 रन बने। लीसेस्टरशर के लुईस किम्बर ने रॉबिन्सन पर पांच छक्के (तीन नोबॉल पर लगे), तीन चौके और एक रन से 43 रन बनाए। रॉबिन्सन अपने 13वें ओवर में 6, नोबॉल पर 6, 4, 6, 4, नोबॉल पर 6, 4, नोबॉल पर 6 और एक रन दिए। प्रथम श्रेणी क्रिकेट के इतिहास में सबसे महंगा ओवर 1990 में डाला गया था। वेलिंगटन और कैंटरबरी के बीच शेल ट्रॉफी मैच के दौरान न्यूजीलैंड के पूर्व ऑफ ब्रेक गेंदबाज वर्ट वांस ने 77 रन लुटाए थे जिन्होंने उस ओवर में 17 नोबॉल फेंकी थीं।

## पेरिस में 'इंडिया हाउस' भारतीय एथलीटों के लिए घर से दूर घर जैसा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की सदस्य नीता अंबानी ने कहा है कि पेरिस ओलंपिक में पहला 'इंडिया हाउस' भारतीय दल के लिए 'घर से दूर घर' जैसा होगा और यह देश की 'समृद्ध सांस्कृतिक और खेल विरासत' की झलक भी पेश करेगा। इंडिया हाउस देश की ओलंपिक भागीदारी के 100 साल पूरे होने का जश्न मनाएगा।

इंडिया हाउस पेरिस के पार्क डे ला विलेट में स्थित होगा जिसे खेलों के दौरान 'राष्ट्रों का पार्क' नामित किया गया है और यह नीदरलैंड, कनाडा, ब्राजील और फ्रांस सहित 14 अन्य आतिथ्य घरों से घिरा होगा। इंडिया हाउस की स्थापना रिलायंस फाउंडेशन ने आईओए के साथ साझेदारी के तहत की है और यह 'भारत के गौरवशाली अतीत, जीवंत वर्तमान और रोमांचक भविष्य के साथ-साथ प्रौद्योगिकी और डिजिटलीकरण में प्रगति' को प्रदर्शित करेगा।

**नाटकीय चोट का अनुभवी ऑफ स्पिनर अश्विन ने किया समर्थन**

## नायब की चोट विश्व कप मैच जीतने की कोशिश

एजेंसी ▶▶| चेन्नई



अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को लगता है कि बांग्लादेश के खिलाफ मौजूदा टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान के गुलबदीन नायब का मैदान पर नाटकीय चोट का दिखावा जायज था क्योंकि यह उनकी टीम के लिए 'करो या मरो' के जरूरी सुपर आठ मैच में हुआ। नायब स्लिप कॉर्डन में क्षेत्ररक्षण कर रहे थे और 12वें ओवर में अपनी जांघ को पकड़ते हुए पीठ के बल गिर पड़े। उसी समय कोच जोनाथन ट्रॉट ने बारिश के कारण खेल को धीमा करने का संकेत किया था। अश्विन ने अपने 'यूट्यूब चैनल' पर कहा, 'जोनाथन ट्रॉट ड्रेसिंग रूम से खेल की गति धीमी करने का इशारा कर रहे थे और इसके बाद नायब मैदान पर ऐसे गिर गए जैसे टूटे हुए पेड़ की शाखा। हर कोई कह रहा है कि उन्हें इसके लिए सजा दी जाएगी। लेकिन समस्या क्या है? वह अपने देश के लिए खेल रहा है और 'करो या मरो' विश्व कप क्वालीफायर जीतने की कोशिश कर रहा है।' आईसीसी की खेलने के नियमों के अनुसार, 'जानबूझकर या बार बार समय बर्बाद करने की रणनीति के लिए खिलाड़ी पर दो मैचों का प्रतिबंध लगाया जा सकता है। लेकिन इस मामले में मैच रेफरी के पहली और अंतिम चेतावनी के कारण नायब बच सकते हैं।'

### हंसते-हंसते आंखों में आंसू आ गए: मार्श

**ग्रॉस आइलेट।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिशेल मार्श ने अफगानिस्तान के ऑलराउंडर गुलबदिन नायब के बांग्लादेश के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच के दौरान ऐंठन की नाटकीय शिकायत के मजाकिया पक्ष को देखा और इसे क्रिकेट के मैदान पर अब तक देखी गई 'सबसे मजाकिया चीजों में से एक' करार दिया। मार्श ने 'क्रिकेट.कॉम.एयू' से कहा, 'हंसते-हंसते मेरी आंखों में आंसू आने लगे थे और अंततः इसका खेल पर कोई असर नहीं पड़ा। इसलिए अब हम इस पर हंस सकते हैं- लेकिन यह मजेदार था। यह शानदार था।'

## चिंतन

# अबकी बार लोकसभा में बिरला की कठिन परीक्षा

ओम बिरला ध्वनिमत से 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष चुने गए। विपक्ष ने कोडिकुन्नील सुरेश को अपना उम्मीदवार जरूर खड़ा किया था, पर वोटिंग के लिए जोर नहीं दिया। यह विपक्ष का प्रतीकात्मक तरीका रहा। बिरला की यह दूसरी पारी है। मोदी सरकार 2.0 के समय भी वर्ष 2019 से वर्ष 2024 तक ओम बिरला ही लोकसभा अध्यक्ष रहे। वर्ष 2014 में जब केंद्र में पहली बार मोदी की सरकार बनी थी, तो सुमित्रा महाजन लोकसभा अध्यक्ष बनी थीं। पहली बार है जब भाजपा नीत राजग सरकार में कोई नेता लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बना हो। इस बार लोकसभा का नजारा बदला हुआ है। भाजपा अपने दम पर बहुमत में नहीं है, राजग बहुमत में है, विपक्ष के रूप में इंडिया ब्लॉक मजबूत है, इसलिए लोकसभा अध्यक्ष के रूप में निम्न सदन में ओम बिरला की कार्यकुशलता की असली परीक्षा होगी। सत्ता पक्ष पर सदन में विपक्ष की आवाज दबाने के आरोप लगते रहे हैं। ओम बिरला के पहले कार्यकाल में राहुल गांधी समेत करीब 146 विपक्षी सांसदों का निलंबन किया गया था, राहुल गांधी को जल्दबाजी में अयोग्य ठहराया गया था, हालांकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद राहुल की सांसदी फिर बहाल कर दी गई थी। इस पूरी प्रक्रिया में ओम बिरला पर सत्ता पक्ष के प्रतिनिधि के तौर पर काम करने के आरोप कई बार लगे। जबकि लोकसभा अध्यक्ष का पद और कार्यक्षेत्र दलगत राजनीति से ऊपर होता है। 18वीं लोकसभा में 99 सीटों के साथ सबसे बड़ा विपक्षी दल कांग्रेस है, सो कांग्रेस के खाते में सदन में नेता विपक्ष का पद है। कांग्रेस ने राहुल गांधी को नेता विपक्ष बनाया है, राहुल को इंडिया ब्लॉक के सहयोगी दलों का समर्थन भी प्राप्त है, हालांकि ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के सुर तल्ख हैं, पर विरोध में नहीं है। वर्ष 2014 व वर्ष 2019 में कांग्रेस के पास इतनी सीटें नहीं थीं कि वह नेता प्रतिपक्ष पद की पात्रता को पूरा कर पाती, इसलिए दोनों ही कार्यकाल में नेता प्रतिपक्ष का पद खाली ही रहा। भारतीय लोकतंत्र में नेता प्रतिपक्ष को बहुत अधिक संवैधानिक अधिकार प्राप्त है, इसलिए अब राजग के लिए कोई भी फैसला लेना आसान नहीं होगा, ऐसे में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की जिम्मेदारी बढ़ेगी, सदन को चलाने में अधिक सहनशीलता का परिचय देना होगा, विपक्षी सांसदों के प्रति नरम रवैया रखना होगा। लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद उन्हें आसन तक पीएम नरेन्द्र मोदी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू लेकर गए। बिरला को बधाई देते हुए जहां पीएम ने कहा कि आपका अनुभव सदन का सुचारू चलाने में काम आएगा, वहीं विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उम्मीद है कि विपक्ष की आवाज सुनी जाएगी। अखिलेश यदव समेत विपक्ष के नेताओं ने यह भी उम्मीद जताई कि उन्हें सदन में जनता की आवाज उठाने का पर्याप्त समय मिलेगा, सांसदों के निष्कासन जैसी कार्यवाही नहीं देखने को मिलेगी। हालांकि पहले ही दिन सदन में आपातकाल पर निंदा प्रस्ताव के दौरान विपक्ष का हंगामा देखने को मिला। सदन में कार्य निष्पादन में ओम बिरला को अपने अनुभव के आधार कार्यकुशलता दिखानी होगी, लोकसभा की हांगामा संस्कृति में बदलाव लाना होगा, पद की गरिमा का पालन करना होगा और निष्पक्षता व निरपेक्षता का मानदंड स्थापित करना होगा। अध्यक्ष के रूप में ओम बिरला को दलगत सीमा से ऊपर उठते हुए ऐसी नजीर पेश करनी होगी कि लोकसभा के इतिहास में उनका मुकाम निष्पक्ष व निरपेक्ष अध्यक्ष के रूप में कायम हो।

## ब्रिटेन आम चुनाव

विवेक शुक्ला



# सुनक के भविष्य को लेकर सवाल

क्या ब्रिटेन में आगामी 4 जुलाई को होने वाले आम चुनावों के बाद भी देश के पहले हिन्दू प्रधानमंत्री श्रृषि सुनक अपने पद पर बने रहेंगे? क्या सुनक की कंजरवेटिव पार्टी को ब्रिटेन में बसे हुए भारतवंशी वोट देंगे? क्या भारतवंशियों के वोट लेबर पार्टी को भी मिलेंगे? बेशक, ये सवाल महत्वपूर्ण हैं। ब्रिटेन की 2011 की जनगणना के अनुसार, वहां लगभग 15 लाख भारतीय मूल के लोग हैं, जो देश की कुल जनसंख्या का 2.5 प्रतिशत है। ब्रिटेन में भारतीय सबसे बड़ा प्रवासी समूह है। हिन्दुजा, लक्ष्मी मित्तल, स्वराज पाल जैसे भारतवंशी ब्रिटेन के सबसे धनी लोगों की सूची में जगह पाते हैं। संडे टाइम्स की बीती मई में जारी ब्रिटेन के सबसे बड़े धनकुबेरों की सूची में श्रृषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति का 245वां स्थान है। अक्षता इंफोसिस टेक्नोलॉजीज के फाउंडर चेयरमेन एन.आर. नारायणमूर्ति की पुत्री हैं। दरअसल ब्रिटेन में बसे भारतीयों का लंबे समय तक झुकाव लेबर पार्टी के साथ रहा है। हालिया सर्वेक्षणों से पुख्ता संकेत मिल रहे हैं कि भारतीय दक्षिणपंथी कंजरवेटिव पार्टी की तरफ झुकाव बढ़ा है। लंदन में 1970 के दशक से बसे लेखक विनोद चव्हाण मानते हैं कि आगामी आम चुनावों में ब्रिटेन में बसे हिन्दू वोटर कंजरवेटिव पार्टी के हक में एकमुश्त वोट दे सकते हैं। ये खबर श्रृषि सुनक और उनकी कंजरवेटिव पार्टी को सुकून दे सकती है। जब हम ब्रिटेन में बसे भारतीयों की बात करते हैं, तब उनमें वे भी शामिल होते हैं जो ब्रिटेन में ईस्ट अफ्रीका, कैरिबियाई टापू देशों और अन्य स्थानों से आकर बसते रहे हैं। सुनक का परिवार 1960 के दशक में केन्या से ब्रिटेन में जाकर बसा था। एक राय यह भी है कि नरेन्द्र मोदी के 2014 में भारत का प्रधानमंत्री बनने के बाद ब्रिटेन में बसे बहुत बड़ी संख्या में भारतीय कंजरवेटिव पार्टी के समर्थक हो गए। इनमें हिंदू सर्वाधिक हैं। मोदी ने 2015 में अपनी ब्रिटेन यात्रा के दौरान लंदन के वेम्बली स्टेडियम में 60,000 भारतीय मूल के लोगों को संबोधित किया था। उस समय ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन थे। वे अपने को भारत का दामाद कहने में फख्र महसूस करते हैं। वे अलग किस्म के दामाद हैं।



उनकी (दूसरी तलाकशुदा) पत्नी मारिना ह्वीलर की मां दीप सिंह कौर की पहली शादी दिल्ली के नामवर ठेकेदार सर सोबा सिंह के पुत्र सरदार दलजीत सिंह से हुई थी। सोबा सिंह के चार पुत्र थे। उनमें से एक लेखक खुशवंत सिंह भी थे। अब एक और महीन बात को समझना होगा। ब्रिटिश में भारतीय धर्म के आधार पर भी बंटे हुए हैं। माना जा रहा है कि अधिकांश भारत मूल के मुस्लिम और सिख लेबर पार्टी के साथ जा सकते हैं। ब्रिटेन में 1960 से 1980 के दशकों में भारत के अलावा, युगांडा, केन्या और कैरिबियाई टापू देशों से भी काफी तादाद में भारतीय मूल के बसे थे। ये लेबर पार्टी को प्रवासियों के हमदर्द के रूप में देखते थे। यह वही दौर था जब लेबर पार्टी के प्रधानमंत्री हेरेल्ड विल्सन 1965 में रेस रिलेशंस एक्ट लेकर आए। उसे नस्लीय भेदभाव को रोकने की दिशा में अहम कानून माना गया था। ब्रिटेन के हिन्दुओं का 2010 से रुख कंजरवेटिव पार्टी की तरफ होने लगा था। उन भारतीयों में दूसरी और तीसरी पीढ़ी के धनी और शिक्षित हिन्दू भी थे। पिछले 20-25 वर्षों में भारत से नया प्रवासी समुदाय ब्रिटेन पहुंचा है। ये डॉक्टर, इंजीनियर, आई.टी.पेशेवर वगैरह हैं। ये सब अपने को कंजरवेटिव पार्टी का वोटर बताते हैं। यूं ही भारतवंशियों का लेबर पार्टी से मोहभंग नहीं हुआ। हुआ यह कि लेबर पार्टी ने 2019 में एक प्रस्ताव पारित करके जम्मू- कश्मीर के लोगों को 'आत्मनिर्णय का अधिकार' देने की मांग की। लेबर पार्टी के इस प्रस्ताव के कारण ब्रिटेन में बसा भारतीय प्रवासी समुदाय का एक बड़ा हिस्सा लेबर पार्टी से दूर होने लगा। सुनक 2022 में ब्रिटेन के पहले हिन्दू प्रधानमंत्री बने। इसके चलते वहां के हिन्दू और कंजरवेटिव पार्टी के बीच संबंध और गहरे हो गए। अभी नहीं कहा जा सकता कि हिन्दू पूरी तरह से कंजरवेटिव पार्टी के साथ जाएंगे? हिन्दू ब्रिटेन का तीसरा सबसे बड़ा धर्म है। अब तक 29 हिन्दू संगठनों ने इस घोषणापत्र का समर्थन किया है। घोषणापत्र के अनुसार, 'हिन्दू ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था की जान है। देश की अर्थव्यवस्था में हमारा योगदान असमान रूप से अधिक है। हम कानून का पालन करने वाले समुदायों में से एक हैं। इसके बावजूद देश में हिन्दू विरोधी नफरत बढ़ रही है।' इनकी एक बड़ी मांग तो यह है कि इन्हें सुरक्षा मिले। अब कुछ बातें देखने वाली हैं। क्या हिन्दुओं के वोट बटेंगे या कंजरवेटिव पार्टी की झोली में जाएंगे? क्या हिन्दू संगठनों के मेनिफेस्टो पर लेबर और कंजरवेटिव पार्टी गौर करेंगी? क्या हिन्दुओं से इतर ब्रिटिश भारतीय लेबर पार्टी का साथ देंगे?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## विश्लेषण

डॉ. रमेश ठाकुर

# नेता विपक्ष राहुल की चुनौतियां

**कांग्रेस बीते 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में इतना पिछड़ गई थी कि उन्हें नेता प्रतिपक्ष का पद भी नसीब नहीं हुआ। नेता विपक्ष पद की बात तो दूर, पार्टी का भविष्य और अस्तित्व भी खतरे में पड़ गया था। कम नंबर संख्या के कारण ही संसद में नेता विपक्ष की सीट भी रिक्त रही 2024 का जो जनादेश मिला है वह सभी दलों के लिए एक सीख जैसा है। कांग्रेस को जनता ने नया जीवनदान दिया है, इसलिए कांग्रेस के सितारे एक बार फिर थोड़े से चमके हैं। पिछली बार मात्र 52 सांसद ही जीतकर संसद पहुंचे थे, पर ये आंकड़ा इस बार 99 तक पहुंच गया है। तभी कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष के लिए दावेदार हुई और उसे यह पद मिला भी है।**

सोलहवीं और 17वीं लोकसभा में नबंरों के लिहाज से कांग्रेस बीते 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में इतना पिछड़ गई थी कि उन्हें नेता प्रतिपक्ष का पद भी नसीब नहीं हुआ। नेता विपक्ष पद की बात तो दूर, पार्टी का भविष्य और अस्तित्व भी खतरे में पड़ गया था। कम नंबर संख्या के कारण ही संसद में नेता विपक्ष की सीट भी रिक्त रही, परंतु कहते हैं न कि सियासत में चमत्कार की संभावनाएं अन्य क्षेत्रों के मुकाबले ज्यादा रहती हैं। किसके सितारे बुलंद हो जाएं और किसके अचानक बुझ जाएं इसका पता नहीं चलता क्योंकि इसका सारा दारोमदार और सब कुछ जनता-जर्नादन के मूड और विचारों पर निर्भर रहता है? बीते 2024 के आम चुनाव में हुआ भी कमोबेश कुछ ऐसा ही हुआ है। भाजपा 400 पार के नारे के साथ फिर से प्रचंड बहुमत में आने का दावा कर रही थी और पूरी तरह आश्वस्त भी थी, लेकिन जनता ने उसके दावे को अस्वीकार कर दिया। भाजपा जैसे गठबंधन की सीटों का 400 का दावा कर रही थी, वैसा हुआ नहीं, जनता ने उसे बहुमत देकर मौका तो अवश्य दिया, लेकिन आधा-अधूरा? हालांकि, यह भी गौरतलब है कि कांग्रेस ने इस बार उम्मीद से कहीं बढ़कर बेहतरीन प्रदर्शन कर खुद को लड़ाई में बरकरार रखा।

कोई भी राजनीतिक दल चाहे वो कांग्रेस हो या भाजपा प्रचंड जीत से बौराने की प्रवृति से सभी को तौबा करना होगा। 2024 का जो जनादेश मिला है वह सभी दलों के लिए एक सीख जैसा है। कांग्रेस को जनता ने नया जीवनदान दिया है, इसलिए कांग्रेस के सितारे एक बार फिर थोड़े से चमके हैं। पिछली बार मात्र 52 सांसद ही जीतकर संसद पहुंचे थे, पर ये आंकड़ा इस बार 99 तक पहुंच गया है। तभी कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष के लिए दावेदार हुई और उसे यह पद मिला भी है। । अच्छे नंबरों से पास होने का ही नतीजा है कि नेता विपक्ष के लिए राहुल गांधी के नाम पर ताजपोशी होनी विपक्षी धड़े की ओर से मुकर्रर हुई है, लेकिन जनता का संदेश पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए बराबर है? जो जनता के हित में काम करेगा, उसकी जयकार होगी। वरना, घमंड चकनाचूर करने में देश के मतदाता जरा भी नहीं हिचकेंगे? 2024 के जनादेश ने देश की सियासी तस्वीर पूरी तरह से बदल दी है। चाहे प्रधानमंत्री हों या नेता विपक्ष देश की जनता सभी से काम की उम्मीद करने की करती है। नेता भी अब समझ गए हैं कि केवल लच्छेदार भाषणों और हवा-हवाई दावों से अब काम नहीं चलने वाला? बहरहाल, गठबंधन राजनीति में नेता विपक्ष के पद को पूरे पांच वर्ष तक सुचारू रूप से यथावत रखना भी किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होगा? पद पर आसीन होने वाले ओहदेदार के लिए भी चुनौतियों की भरमार रहेगी। उन्हें हर घड़ी अग्निपरीक्षा से गुजरना होगा। नेता विपक्ष का पद राहुल गांधी की सियासी समझ की भी कठिन परीक्षा लेगा, क्योंकि सत्तापक्ष और देश की एक बड़ी आबादी अभी तक उन्हें सियासत का 10वीं पास छात्र ही समझती रही है। दरअसल समझने के कई ताजा उदाहण भी सामने मुंह खोले जो खड़े हैं। राहुल गांधी कई



बार अपने सियासी प्रयोगों में विगत वर्षां में असफल हुए हैं, इसलिए भी लोगों को थोड़ा बहुत संदेह अब भी है? अगर उनके सियासी इतिहास के पन्ने खोलें तो सामने एक विफलता भरी तस्वीर उभरकर सामने आती है कि वह कांग्रेस अध्यक्ष का पद भी अच्छे से निर्वाह नहीं कर सके, जिसके चलते उन्हें पद छोड़ना पड़ा था। अमेठी से चुनाव भी हारे और अपनी अगुआई में पार्टी को चुनाव लड़ाकर भी ज्यादा कुछ नहीं कर सके।

कुल मिलाकर उनके हिस्से में सियासी असफलता की भरमार है। यहां पर उल्लेखनीय है कि इन गुजरे वर्षों में अच्छी बात ये रही कि वह लगातार हारने के बावजूद भी हिम्मत नहीं हारे, सियासी मैदान में मजबूती के साथ डटे रहे? उन्होंने खुद को साबित करने के मकसद से ही भारत जोड़ो यात्रा निकाली, जिसमें उन्होंने लोगों का समर्थन हासिल किया। यही कारण है, जनता ने उन पर थोड़ा भरोसा जताया है और कांग्रेस के नेताओं को इतनी संख्या में संसद पहुंचाया कि उन्हें नेता विपक्ष का पद हासिल हो पाया है।

खैर, राजनीति में असफलता ज्यादा मायने नहीं रखती, क्योंकि कोई भी हार सकता है, इसलिए ये पुरानी और बेजान बातें ही हैं। सियासत ऐसा अखाड़ा है जहां अच्छे से अच्छा खिलाड़ी चित हुआ है। ताजा उदाहरण मौजूदा लोकसभा चुनाव का परिणाम है जिसमें बड़े से बड़े सूरमा अपने अपने क्षेत्रों में धराशायी हो गए हैं। अपने राजनीतिक करियर में राहुल गांधी पहली मर्तबा कोई संसदीय ओहदा संभाल रहे हैं।

18वीं लोकसभा में वह नेता विपक्ष की भूमिका में होंगे, जिसे इंडिया गठबंधन के तकरीबन सभी प्रमुख नेताओं ने अपनी स्वीकृति प्रदान की है। राहुल की उम्मीदवारी की स्वीकृति के लिए प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब को कांग्रेस की ओर से बीती 25 जून की देर शाम को अर्जी भी भेज दी गई थी। हालांकि उनके इस पद को लेकर कोई अड़चन या अड़गा इसलिए नहीं लगेगा, क्योंकि संसदीय परंपरा और नियमानुसार नेता विपक्ष के लिए किसी भी दल के पास दस फीसदी सांसद होने चाहिए, जिसमें कांग्रेस सफल है। नेता विपक्ष का पद कांग्रेस को दस साल बाद नसीब हुआ।


राहुल नेता विपक्ष बनने वाले गांधी परिवार से तीसरे सदस्य हैं। इससे पहले उनके पिता राजीव गांधी और सांसद माता सोनिया गांधी यह जिम्मेदारी संभाल चुकी हैं। प्रतिपक्ष भारतीय संसद के दोनों सदनों में, प्रत्येक में आधिकारिक विपक्ष का नेतृत्वकर्ता होता है।

नेता विपक्ष का ओहदा अपने आप में बहुत मायने रखता है। प्रधानमंत्री जैसी एक तिहाई शक्तियां उन्हें प्रदान होती हैं। नेता विपक्ष की सुविधाएं केंद्रीय मंत्री से भी कहीं अधिक बढ़ा दी जाती हैं। तनख्वाह भी तीन लाख रुपये से ऊपर होती हैं। इसके अलावा नेता विपक्ष प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक, सीबीआई प्रमुख, सीवीसी जैसे उच्चस्थ पदों की नियुक्ति में सहभागी होता है। प्रधानमंत्री को नियमानुसार नेता विपक्ष की राय लेनी अनिवार्य होती है। इसके अतिरिक्त नेता विपक्ष अभिलेखा समिति का भी प्रमुख रहता है जो सरकार के प्रत्येक निर्णयों और खर्चों पर निगाह रखता है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब अपने तीसरे कार्यकाल में जो भी बड़े निर्णय लेंगे या संवैधानिक नियुक्तियां करेंगे उसमें नेता विपक्ष की भूमिका रहने वाले उस नेता की राय लिया करेंगे, जिन्हें चुनाव में उन्होंने ये भी कह दिया था कि 'कौन राहुल'? इसलिए इस बार की संसदीय प्रक्रिया बहुत दिलचस्प और टकराव भरी होने वाली है। इसमें चुनौती राहुल गांधी के समझ सबसे ज्यादा रहेंगी, क्योंकि जनता उनके दमखम को नेता विपक्ष के तौर पर परखेगी और इतना ही नहीं भविष्य की राजनीति में उनके कद को तय करेगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# शिवत्व की साधना



संकलित

**दर्शन**

हर कर्म का आरंभ संकल्प से होता है। बातों को बनाने, बिगाड़ने व संभालने का आधार भी हमारा सोच रूपी कर्म है। अच्छे या बुरे सोच के कारण हमारे कर्म और कर्मफल सुखदायी व दुखदायी होते हैं, इसलिए कहते हैं कि परमात्मा शिव अपने श्रेष्ठ संकल्पों से सोच को परिष्कृत कर दुनिया को परिवर्तित कर देते हैं। उनका संकल्प मानवता का कल्याण है, जिसकी वर्षा से प्रकृति में शांति, सद्भावना व प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होता है। मानव जीवन व संसार से विकार, व्यभिचार, भ्रष्टाचार, पापाचार, दुख, कष्ट व हिंसा के ताप समाप्त होते हैं। परमात्मा के इस सृष्टि परिवर्तन या उद्धार कार्य से कृतज्ञ होकर हम श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना और व्रत-उपवास करते हैं। शिव की महिमा स्मरण, गायन, पूजन व श्रवण से श्रावण मास शिवमय हो जाता है। कहते हैं, चातुर्मास के आरंभ में भगवान विष्णु जब शयन में चले जाते हैं, तब परमात्मा शिव संसार की बागडोर संभालते हैं। शिव निराकार ज्योति स्वरूप हैं। वे शिव ज्ञान व योग सिखाकर मनुष्यों में सतयुगी दिव्य गुण व दैवी संस्कारों को पुनः विकसित करते हैं। जब भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं, तब सृष्टि को बचाने एवं भक्तों की शुद्ध भावनाओं और कामनाओं का फल देने हेतु शिव अदृश्य रूप में संसार का कार्यभार संभालते हैं। ज्ञान सूर्य ज्योति स्वरूप शिव अपने ईश्वरीय ज्ञान व शिक्षा के प्रकाश द्वारा मनुष्यों के आसुरी अवगुणों को सद्गुण, दैवी चरित्र व दैवी संस्कारों में बदलते हैं।

# गुरु की सीख से दूर होती हैं मुश्किलें



संकलित

**प्रेरणा**

बृहस्पति देवताओं के गुरु हैं। महाभारत के आदि पर्व के मुताबिक, बृहस्पति महर्षि अंगिरा के पुत्र हैं और देवताओं का मार्गदर्शन करते हैं। एक कथा है कि एक बार देवराज इंद्र की जगह राजा नहुष को स्वर्ग का राजा बनाया गया था। स्वर्ग का राजा बनते ही राजा नहुष अहंकारी हो गया। वह देवताओं को तरह-तरह से परेशान करता रहता था। सभी देवगण राजा नहुष से त्रस्त हो गए थे। इसी बीच बलशाली होने के कारण राजा नहुष के मन में इंद्र की पत्नी शची के लिए पाप आ गया। वह उसे अपनी पत्नी बनाना चाहता था। इससे डरकर शची देवगुरु बृहस्पति के पास पहुंचीं। बृहस्पति ने शची को एक योजना बताई। बृहस्पति ने शची से कहा कि आप नहुष से कहना कि जब वह सप्त ऋषियों द्वारा उठाई गई पालकी में बैठकर आएगा, तब ही वह उसे अपना स्वामी मानेगी। शची ने यही किया। बृहस्पति की योजना के अनुसार शची ने ये बात नहुष से कह दी। नहुष ने ऐसा ही किया। सप्तऋषि जब पालकी उठाकर चल रहे थे, तभी अहंकारी राजा नहुष ने एक ऋषि को लात मार दी। क्रोधित होकर ऋषि ने उसे उसी समय स्वर्ग से गिरने का शाप दे दिया। शाप के बाद राजा नहुष ने स्वर्ग का राजपाठ खो दिया। इस प्रकार देवगुरु बृहस्पति की सलाह से शची की रक्षा हो गई। गुरु की सीख से बड़ी-बड़ी मुश्किलें दूर हो सकती हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### संविधान की चिंता किसे और क्यों?

इस बार के लोकसभा चुनाव में मोदी विरोधी राजनीतिक दलों ने संविधान को मुद्दा बनाया था, लेकिन अब जबकि चुनाव हो चुका है, इसका परिणाम भी सामने आ चुका है और 18वीं लोकसभा का सत्र भी शुरू हो चुका है, लेकिन विपक्ष अभी भी संविधान को बचाने की बात कर रहा है। सवाल यह है कि संविधान की चिंता किसे और क्यों है? क्या देश में भ्रष्टाचार को पनपने देना, अवसरवाद, पेपर लीक आदि संविधान के लिए उचित हैं? बीते समय में संविधान को बचाने के लिए क्या किया गया या फिर इसके विरुद्ध क्या कुछ हुआ, यह कुछ मायने नहीं रखता, बल्कि देश के हर धर्म-जाति के नागरिक को संविधान के अनुसार अधिकारों का लाभ मिले, यह जरूरी है। अगर समय के साथ-साथ संविधान में कुछ बदलाव भी करना पड़े, तो इसमें शायद कोई हर्ज नहीं है। *- राजेश गुप्ता, धमतरी*

## करंट अफेयर

# सीपैक को नुकसान पहुंचाने की बात टीटीपी ने स्वीकारी

प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के वरिष्ठ कमांडर ने दावा किया है कि वह बलूचिस्तान के प्रतिबंधित अलगाववादी संगठन के साथ मिलकर 60 अरब अमेरिकी डॉलर की चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा परियोजना (सीपैक) को नुकसान पहुंचाने के लिए काम कर रहा है। यह दावा अशांत बलूचिस्तान सूबे के गृहमंत्री मीर जिया लन्गोव ने बुधवार को क्वेटा में किया। लन्गोव ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, ' तहरीक-ए-तालिबान के रक्षा शूरा (परिषद) प्रमुख नसरुल्लाह उर्फ मौलवी मंसूर को हाल में सुरक्षाबलों ने बलूचिस्तान से तब गिरफ्तार किया जब वह सूबे में आतंकवादी हमले की योजना बना रहा था। मौलवी मंसूर ने बलूचिस्तान में आतंकवादी गतिविधि को लेकर कुछ अहम खुलासे किए हैं।' द न्यूज इंटरनेशनल की खबर के अनुसार ये गिरफ्तारियां केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अज्म-ए-इस्तेहकाम अभियान को मंजूरी दिए जाने के एक दिन बाद हुई। एक वीडियो भी प्रसारित किया गया जिसमें मौलवी स्वीकार करता हुआ दिखाई दे रहा है कि टीटीपी, बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के साथ मिलकर अपहरण की योजना बनाता है और अपहृत लोगों को अफगानिस्तान भेज दिया जाता है जबकि उन्हें लापता के तौर पर पेश किया जाता है।



## ऑफ बीट

# अश्वेत दाताओं की किडनी का होता है कम इस्तेमाल

अमेरिका में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक के रूप में, गुर्दे की बीमारी एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है। यह बीमारी विशेष रूप से अश्वेत अमेरिकियों में गंभीर है, जिनकी किडनी खराब होने की संभावना श्वेत अमेरिकियों की तुलना में तीन गुना अधिक है। जबकि अश्वेत लोग अमेरिका की आबादी का केवल 12% हैं, गुर्दे की विफलता वाले लोगों में उनकी हिस्सेदारी 35% है। इसका कारण आंशिक रूप से अश्वेत समुदाय में मधुमेह और उच्च रक्तचाप – गुर्दे की बीमारी के दो सबसे बड़े योगदानकर्ता – की व्यापकता है। अमेरिका में लगभग 100,000 लोग किडनी प्रत्यारोपण का इंतजार कर रहे हैं। हालाँकि अश्वेत अमेरिकियों को प्रत्यारोपण की आवश्यकता होने की अधिक संभावना है, लेकिन उन्हें यह प्राप्त होने की संभावना भी कम है। इससे भी बुरी बात यह है कि अमेरिका में अश्वेत दाताओं की किडनी को एक त्रुटिपूर्ण प्रणाली के परिणामस्वरूप फेंके जाने की अधिक संभावना है, जिसमें यह माना जाता है कि प्रत्यारोपण के बाद अन्य नस्लों के दाताओं की किडनी की तुलना में अश्वेत दाताओं की किडनी काम करना बंद कर देगी। मेरा मानना है कि यह त्रुटिपूर्ण प्रणाली न्याय, निष्पक्षता और एक दुर्लभ संसाधन – किडनी के अच्छे प्रबंधन के बारे में गंभीर नैतिक चिंताओं को जन्म देती है।



## ट्रेंड

### अद्भुत भाव था

मुझे खुशी है कि माननीय अध्यक्ष ने आपातकाल की कड़ी निंदा की, उस दौरान हुई ज्यादतियों पर प्रकाश डाला और जिस तरह से लोकतंत्र का गला घोंटा गया, उसका भी जिक्र किया। उन दिनों के दौरान पीड़ित सभी लोगों के सम्मान में मौन खड़े रहना भी एक अद्भुत भाव था।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### स्वास्थ्य मानवाधिकार

स्वास्थ्य अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए मौलिक है। हमें स्वास्थ्य को सुरक्षा के मानव अधिकार के रूप में देखना चाहिए। हमें स्वास्थ्य को नियंत्रण की लागत के रूप में नहीं, बल्कि पोषण के लिए निवेश के रूप में देखना चाहिए।

-डॉ. टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक



### घृणा का जवाब

राहुल गांधी ने नफ़रत और घृणा का जवाब इस देश को मोहब्बत सिखा कर दिया। अन्याय के ख़िलाफ़न्याय की जंग लड़ी। इस देश को अहंकारी तानाशाह के सामने खड़े होने की प्रेरणा दी और अब आपकी ताक़त नेता विपक्ष के तौर पर सदन में दिखाई देगी।

-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता



### वकील ने भी माना

जज ने कहा कि "मैंने स्टेटमेंट पढ़ लिया है और मैं ख़ुद बोल रहा हूं कि केजरीवाल ने ऐसा नहीं कहा है।" सीबीआई झूठ बोल रही है। सीबीआई के वकील ने भी माना।

-संजय सिंह, आप नेता



**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com


# लोस स्पीकर के आपातकाल पर निंदा प्रस्ताव का भाजपा ने किया स्वागत

## संसद में बंटा दिखा विपक्ष, कांग्रेस ने किया विरोध, सपा-टीएमसी ने नहीं दिया साथ

हरिभूमि ब्यूरो/एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आपातकाल पर संसद में विपक्ष बंटा दिखाई दिया। आपातकाल को लेकर स्पीकर के प्रस्ताव का विरोध सिर्फ कांग्रेस सांसदों ने किया। सूत्रों के मुताबिक, इंडि गठबंधन के सहयोगी दल समाजवादी पार्टी और टीएमसी ने कांग्रेस का इस मुद्दे पर साथ नहीं दिया। सपा और तृणमूल कांग्रेस ने लोकसभा में आपातकाल के खिलाफ प्रस्ताव का समर्थन किया। दरअसल, लोकसभा सत्र के तीसरे दिन स्पीकर बनने के बाद ओम बिरला ने अपनी पहली स्पीच में 1975 में इंदिरा गांधी सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल को लेकर विपक्ष पर जमकर हमला बोला। इस दौरान सदन में आपातकाल में मारे गए लोगों की याद में दो मिनट का मौन भी रखा गया। स्पीकर के प्रस्ताव के बाद विपक्ष ने सदन में काफी देर तक हंगामा और नारेबाजी की। लेकिन, इस मुद्दे पर विपक्ष की एकजुटता नहीं दिखाई दी। सूत्रों के मुताबिक, सिर्फ कांग्रेस पार्टी ने स्पीकर के प्रस्ताव का विरोध किया। जबकि, टीएमसी और सपा सांसदों ने इस पर कांग्रेस का साथ नहीं दिया। इतना ही नहीं आपातकाल के दौरान मारे गए लोगों को समाजवादी पार्टी और टीएमसी के सांसदों ने श्रद्धांजलि भी दी। वहीं, आपातकाल की 50वीं बरसी पर विपक्षी दलों के हंगामे के बीच लोकसभा स्पीकर ने सदन में निंदा प्रस्ताव पारित किया।





### अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोंट दिया गया था

ओम बिरला ने सदन में आपातकाल लगाए जाने के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि 1975 में कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल की लोकसभा में निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पढ़ा और कहा कि वह कालखंड काले अध्याय के रूप में दर्ज है जब देश में तानाशाही थोप दी गई थी, लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचला गया था और अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोंट दिया गया था।

- **ओम बिरला** लोकसभा अध्यक्ष



### कांग्रेस की लोकतंत्र विरोधी सोच को उजागर किया: शाह

संसद के इस प्रस्ताव ने आपातकाल के काले कालखंड में संविधान में किए गए कई संवेदनशील संशोधनों से एक व्यक्ति के पास सारी शक्तियों का केंद्रीकरण करने वाली कांग्रेस की तानाशाही मानसिकता को उजागर करने का काम किया है। इस प्रस्ताव के माध्यम से विपक्ष के लाखों नेताओं को कांग्रेस द्वारा अकारण डेढ़ साल से अधिक समय तक जेल में बंद रखे जाने संबंधी क्रूरता की निंदा करने का काम किया गया है। 'इस प्रस्ताव ने न्यायपालिका, नौकरशाही और मीडिया जैसे प्रमुख स्तंभों को आघात पहुंचाने वाली कांग्रेस की लोकतंत्र विरोधी सोच को उजागर किया है।

### तानाशाही की मिशाल था: नड्डा



भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने आपातकाल के विरोध में लाए गए प्रस्ताव का स्वागत किया और कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा निर्मित भारत के संविधान पर कांग्रेस द्वारा किए गए इस कुठाराघात की वह निंदा करते हैं। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "जिस प्रकार से कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने 'तानाशाही बंद करो' जैसा नारा लगाकर लोकसभा अध्यक्ष के वक्तव्य में विघ्न डालने का काम किया, मैं उसे इस प्रस्ताव के समर्थन की तरह स्वीकार करता हूं।" नड्डा ने कहा कि 1975 में लगा आपातकाल इस देश में तानाशाही की मिसाल था और ये वो दौर था जब विपक्ष के नेताओं को जेलों में बंद कर दिया गया, पूरे देश को जेलखाना बना दिया गया था और नागरिकों के मौलिक अधिकारों को छीन लिया गया था। उन्होंने कहा, "तब की तानाशाही सरकार ने मीडिया पर पाबंदियां लगा दी थीं और न्यायपालिका की स्वायत्तता पर भी अंकुश लगा दिया था। अगर कांग्रेस आपातकाल के उस दौर को लोकतंत्र के सबसे काले अध्याय के रूप में मान गई है, तो हम इस पहल का स्वागत करते हैं।

### इतिहास का शर्मनाक अध्याय



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रस्ताव का स्वागत किया और कहा कि इसके माध्यम से सदन ने आपातकाल के दौरान हुए अत्याचार और अन्याय के साथ-साथ तत्कालीन कांग्रेस सरकार के लोकतंत्र विरोधी चेहरे को उजागर किया है। आपातकाल के दौरान पूरे देश में जिस तरह सामान्य नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कुचला गया और तानाशाही का राज क़ायम किया गया वह भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का एक शर्मनाक अध्याय है। यह देश अब संकल्प ले चुका है कि फिर कभी ऐसी लोकतंत्र विरोधी ताक़तें मज़बूत नहीं होने पाएंगी।"

#### कभी भूल नहीं सकते: नितिन गडकरी



केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता नितिन गडकरी ने कहा कि देश में लोकतंत्र और संविधान सर्वोपरि है, जिसे बचाने के लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार के खिलाफ देशवासियों ने संघर्ष किया, कई लोगों ने अपना बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि उस कटु दौर को हम कभी भूल नहीं सकते।"

### लोकसभा अध्यक्ष चुनाव

## मत विभाजन नहीं होने पर टीएमसी नाखुश, कांग्रेस बोली हमने दबाव नहीं डाला

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी ने बुधवार को आरोप लगाया कि प्रोटेम स्पीकर ने लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में मतदान की अनुमति नहीं दी,जबकि विपक्षी सांसदों ने मत विभाजन की मांग की थी। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि सरकार के पास संख्या नहीं है। टीएमसी सांसद बनर्जी ने कहा, प्रस्ताव को मतदान के लिए रखे बिना स्वीकार कर लिया गया। यह इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि सत्तारूढ़ दल भाजपा के पास पर्याप्त संख्या नहीं था। यह सरकार बिना संख्या बल के चल रही है। यह अवैध, अनैतिक और असंवैधानिक है। देश के लोगों ने पहले ही उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया है। यह सर्फि समय की बात है। उन्हें फिर से बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। उधर, कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश ने आगे कहा विपक्षी गठबंधन के घटक दलों ने कोडिकुन्निल सुरेश को लोकसभा अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनाया था। इसके बाद ध्वनिमत के आधार पर अध्यक्ष का चुनाव किया गया। इंडिया के घटक दल मत विभाजन पर जोर डाल सकते थे लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया क्योंकि वे सहमति और सहयोग की भावना के आधार पर मत विभाजन करने के पक्ष में नहीं थे। प्रधानमंत्री और एनडीए के हावभाव में इसकी कमी देखने को मिली। हालांकि, शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा कि विपक्षी दलों ने मत विभाजन के दबाव नहीं बनाया और स्पीकर पद के लिए चुनाव न कराने की परंपरा को बनाए रखा। राउत ने कहा, यह एक प्रतीकात्मक प्रतियोगिता थी। हमने परंपरा का पालन किया और चुनाव नहीं होने दिया।



**प्रोटेम स्पीकर ने लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में मतदान की अनुमति नहीं दी : अभिषेक**

**सहमति-सहयोग की भावना के आधार पर मत विभाजन करने के पक्ष में नहीं थे : रमेश**

**विपक्षी दलों ने स्पीकर पद के लिए चुनाव न कराने की परंपरा को बनाए रखा : राउत**

## केंद्रीय मंत्रियों, राजग सांसदों ने आपातकाल के मुद्दे पर कांग्रेस के खिलाफ किया प्रदर्शन



**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय मंत्रियों समेत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसदों ने 1975 में आपातकाल लगाने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधते हुए बुधवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया और संविधान की अवहेलना करने के लिए मुख्य विपक्षी पार्टी से माफी की मांग की। संवैधानिक संस्थाओं पर कथित हमले को लेकर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों द्वारा अक्सर प्रधानमंत्री और उनके नेतृत्व वाली सरकार को निशाना बनाया जाता रहा है। भाजपा ने कांग्रेस को एक बार फिर आपातकाल के मुद्दे पर घेरना शुरू कर दिया है। इस क्रम में राजग ने 25 जून को आपातकाल की 49वीं बरसी की पृष्ठभूमि में आपातकाल के मुद्दे पर देशव्यापी कार्यक्रमों की भी शुरुआत की है। आपातकाल लगाए जाने की निंदा करने वाला प्रस्ताव पढ़े जाने और संविधान पर हमले को लेकर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की आलोचना किये जाने के बाद लोकसभा अध्यक्ष ने जैसे ही सदन की कार्यवाही स्थगित की, बड़ी संख्या में राजग के सांसद हाथों में तख्तियां लेकर संसद भवन परिसर में नारे लगाने लगे।

■ **सांसदों ने हाथों में तख्तियां लेकर संसद भवन परिसर में नारे लगाए**

## अरुणाचल: छात्रावास में वरिष्ठों ने 15 छात्रों को पीटा, पांच निलंबित

**ईटानगर (भाषा)।** अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले में एक सरकारी स्कूल के कक्षा आठ के 15 छात्रों की उनके वरिष्ठों ने छात्रावास में कथित तौर पर पिटाई की। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। स्कूल के प्रधानाचार्य राजीव रंजन ने कहा कि मंगलवार को हुई इस घटना में कथित तौर पर शामिल पांच वरिष्ठ छात्रों को स्कूल प्रशासन ने निलंबित कर दिया है। इस घटना के संबंध में पुलिस ने एक प्राथमिकी भी दर्ज की है।

## बिहार में आकाशीय बिजली की जद में आने से आठ लोगों की मौत

**पटना (भाषा)।** बिहार के छह जिलों में आकाशीय बिजली की जद में आने से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पिछले 24 घंट में भागलपुर, मुंगेर, जमुई, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण और अररिया जिलों में ये मौतें हुई हैं। बिहार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में पिछले 24 घंटे में आकाशीय बिजली की जद में आने से हुईं मौतों पर गहरी संवेदना व्यक्त की है।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई. निविदा**

**खुली निविदा संख्या 13–अम्बाला/2024–25 दिनांक 25/06/2024**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारो से निम्न लिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | i) सीनियर डीईएन–IV/यूएमबी के अधीन यूएमबी–एलडीएच खंड पर सीएचए पर डीएफसी द्वारा निर्मित नए एफओबी का विस्तार (परिसंचारी क्षेत्र, पीएफ सं. 1 और पीएफ सं. 2) ii) सीनियर डीईएन-IV/यूएमबी के तहत यूएमबी–एलडीएच खंड पर दोराहा रेलवे स्टेशन पर नए एफओबी का प्रावधान iii) सीनियर डीईएन-IV/यूएमबी के तहत यूएमबी–एलडीएच खंड पर केएनएन में डीएफसी द्वारा निर्मित नए एफओबी का विस्तार (पीएफ संख्या 2 से बाहर तक) | 2,56,16,043 | 2,78,100 | 08 महीने | 19.07.2024 |
| 2 | i) सीनियर डीईएन–IV/यूएमबी के अधीन यूएमबी–एलडीएच खंड पर दोराहा रेलवे स्टेशन पर डीएफसीसीआईएल द्वारा वित्तपोषित नए एफओबी का विस्तार–सर्कुलेटिंग एरिया से पीएफ 1 तक ii) एसएसई/डब्ल्यू/आरपीजे के खंड में केएनएन पर डीएफसी द्वारा निर्मित नए एफओबी का विस्तार (पीएफ सं. 1 से पीएफ सं. 2) | 1,54,47,392 | 2,27,200 | 08 महीने | 19.07.2024 |
| 3 | एडीईएन/जेयूडीडब्ल्यू के अधीन एसएसई/पीडब्ल्यूएवाई/जेयूडीडब्ल्यू अनुभाग में जगाधरी वर्कशॉप के अंदर पी. वे का रखरखाव कार्य। | 29,69,375 | 59,400 | 06 महीने | 19.07.2024 |
| 4 | एडीईएन/एसआरई के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एल/एसआरई के खंड में एलएचएस पर जल–निकासी। | 14,85,138 | 29,700 | 06 महीने | 19.07.2024 |
| 5 | एडीईएन/सहारनपुर के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/ई/एसआरई के अनुभाग में जोन ए–बी के अंतर्गत स्टाफ क्वार्टरों और सेवा भवनों की वार्षिक मरम्मत, सफेदी, सी/वाशिंग और पेंटिंग। | 99,99,992 | 2,00,000 | 12 महीने | 19.07.2024 |
| 6 | एडीईएन/सहारनपुर के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एल/एसआरई के अनुभाग में जोन सी–डी के अंतर्गत स्टाफ क्वार्टरों और सेवा भवनों की वार्षिक मरम्मत, सफेदी, सी/वाशिंग और पेंटिंग। | 99,99,999 | 2,00,000 | 12 महीने | 19.07.2024 |
| 7 | एडीईएन/ट्रैक के अधीन एसएसई/पी.वे./टीडी/अंबाला सेक्शन में विभिन्न स्टेशनों अर्थात गाजियाबाद, लखनऊ और अन्य स्थानों से अंबाला मंडल में कहीं भी और ट्रैक डिपो अंबाला में पी.वे सामग्री की लीडिंग, लोडिंग, अनलोडिंग और स्टैकिंग। | 3,44,59,924 | 3,22,300 | 18 महीने | 19.07.2024 |
| 8 | एडीईएन/बीटीआई के अधीन एसएसई/पी. वे/बीटीआई के खंड में बीटीआई यार्ड में टीएसआर (पी) एवं टीआरआर (पी)। | 41,03,257 | 82,100 | 04 महीने | 19.07.2024 |
| 9 | ii) यूएमबी–एलडीएच सेक्शन पर खन्ना रेलवे स्टेशनों पर 2 लिफ्टों का प्रावधान (एक सर्कुलेटिंग एरिया में और दूसरी प्लेटफार्म नंबर 1 पर) ii) सीनियर डीईएन–IV/यूएमबी के अधीन राजपुरा रेलवे स्टेशन पर 03 लिफ्टों का प्रावधान। | 65,70,374 | 1,31,400 | 04 महीने | 19.07.2024 |
| 10 | सीनियर डीईएन/I/यूएमबी के अनुभाग में (I) टीटीआर (टीएसआर)–46 सेट (1:12–20 सेट और 1:8.5–26 सेट) अंबाला डिवीजन के संबंध में–टीटीआर (टीएसआर)–111 सेट (1:12–60 सेट और 1:8.5–51 सेट) (II) अंबाला कैंट जं. के संबंध में 15 सेटों का टीटीआर (टीडब्ल्यूएस) (1in12=7 and 1in 8½=8) चंडीगढ़–टीटीआर (टीडब्ल्यूएस)–15 सेट (1:8.5–8 सेट और 1:12–7 सेट) और सहारनपुर जंक्शन–अम्बाला कैंट जं.–लुधियाना जं.–टीटीआर (टीडब्ल्यूएस)–10 सेट (1:8.5–5 सेट और 1:12–5 सेट) (पीबी#827/2022–23/एनआर), (III) अंबाला डिवीजन के संबंध में में टीटीआर (टीडब्ल्यूएस)–10 सेट (1:12–7 सेट और 1:8.5–3 सेट)–टीटीआर (टीडब्ल्यूएस)–15 सेट (1:12–10 सेट और 1:8.5–5 सेट)), टीटीआर (टीडब्ल्यूएस +सीएमएससी)–1 सेट (1:8.5) और टीटीआर (सीएमएससी)–4 सेट (1:12–2 सेट और 1:8.5–2 सेट)। और (IV) सहारनपुर–अंबाला के संबंध में–27 सेट (1in 12=16 and 1in 8½=11) का टीटीआर (टीडब्ल्यूएस) टीटीआर (टीडब्ल्यूएस)–56 सेट (1:12) और 43 सेट (1:8.5) (पीबी#783/2020–21/एनआर)। | 1,64,26,333 | 2,32,100 | 12 महीने | 19.07.2024 |

नोट:
1 ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है।
2 अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें।
3 निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें।
4 ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा।
5 जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। 1902/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



Vi

# हमें बताएं

हमारी हमेशा यही कोशिश होती है कि आपको सबसे बेहतर सेवा दें. पर कभी किसी कारण अगर हमारी सेवाओं में आपको कोई कमी नज़र आए या फिर आपके मन में कोई सवाल उठे, तो आप हमसे अपनी बात कह सकते हैं. हम जल्द से जल्द उसे सुलझाएंगे.

**Vi केयर**
आप हमसे Vi केयर पर किसी भी दिन 24 घंटे संपर्क कर सकते हैं. हमें आपकी मदद करके खुशी होगी. किसी शिकायत या सर्विस के अनुरोध के लिए, हमारे कंज़्यूमर केयर नंबर 198 (टोल फ्री) पर कॉल करें. हमारे प्रॉडक्ट्स और सर्विसेज़ की जानकारी के लिए, अपने Vi मोबाइल फ़ोन से डायल करें *199# और अपने अकाउंट की जानकारी के लिए जनरल इंफॉर्मेशन नंबर 199 (टोल फ्री) पर कॉल करें. आप किसी निजी सहायता के लिए हमारे कॉल सेंटर एक्ज़िक्यूटिव को कॉल कर सकते हैं. गूगल प्ले स्टोर या ऐप स्टोर से Vi ऐप डाउनलोड करें और पाएं अपने अकाउंट से संबंधित जानकारी, प्लान्स, बिल पेमेंट्स के साथ और भी बहुत कुछ. हमसे जुड़ें 9654297000 पर वॉट्सऐप के ज़रिए और पाएं Vi अकाउंट, बेस्ट ऑफ़र्स पर अपडेट्स के बारे में जानकारी और काफ़ी कुछ.

**VAS डीएक्टिवेट करने की प्रक्रिया**
आप किसी भी सब्सक्राइब्ड वैल्यू ऐडेड सर्विसेज़ को IVR या SMS के द्वारा आसानी से डीएक्टिवेट कर सकते हैं:
- आप हमारे टोल फ्री नंबर 155223 पर डायल कर सकते हैं. भाषा चयन करने के बाद, सभी सब्सक्राइब्ड वैल्यू ऐडेड सर्विसेज़ की सूची के साथ डीएक्टिवेट करने के विकल्प सुनाई देंगे.
- इसके अलावा, डीएक्टिवेट करने के लिए SMS करें STOP 155223 पर. सभी सब्सक्राइब्ड वैल्यू ऐडेड सर्विसेज़ की सूची और साथ में रिटर्न SMS से विकल्प भेजने का अनुरोध SMS के द्वारा भेजा जाएगा. सर्विस 4 घंटे के अंदर डीएक्टिवेट कर दी जाएगी, जिसकी पुष्टि SMS के द्वारा भेजी जाएगी.

**इस्तेमाल नहीं करने की स्थिति में कंज़्यूमर के लिए सूचना**
- प्रीपेड कस्टमर्स द्वारा इस्तेमाल नहीं करने पर यानी लगातार 90 दिनों की अवधि तक कोई इनकमिंग/आउटगोइंग वॉइस या वीडियो कॉल, आउटगोइंग SMS, डेटा इस्तेमाल नहीं होने पर और ₹20 या अधिक का बैलेंस होने पर, Vi द्वारा ₹20 डेबिट किया जाएगा और ऑटोमैटिक नंबर रिटेंशन स्कीम (ANRS) के अंतर्गत इस्तेमाल नहीं करने की अवधि को 1 महीने के लिए बढ़ा दिया जाएगा.
- यह प्रक्रिया उस समय तक चलती रहेगी जब तक बैलेंस ₹20 से कम नहीं हो जाता. इसके बाद, नंबर को स्थाई रूप से बंद कर दिया जाएगा.
- कस्टमर डिस्कनेक्शन के 15 दिनों के अंदर ₹20 का भुगतान करके नंबर को फिर से एक्टिवेट करा सकते हैं.
- पोस्टपेड कस्टमर्स ₹150/3 महीने का मामूली चार्ज देकर अपने नंबर को अपने पास बनाए रख सकते हैं.

**अपीलेट अथॉरिटी से अपील**
यदि आप Vi केयर की कार्यवाही से ख़ुश नहीं हैं, तो आप हमारे अपीलेट अथॉरिटी- श्री नगिंदर बंसल, वीपी, कस्टमर सर्विसेस से हमारे कस्टमर सर्विस एजेंट के पास 198 (टोल फ्री)/9813090003 पर रजिस्टर करते हुए और शिकायत नंबर के साथ अपील कर सकते हैं या appellate.har@vodafoneidea.com पर ई-मेल कर सकते हैं या श्री नगिंदर बंसल, वोडाफ़ोन आइडिया लिमिटेड, आदित्य बिरला समूह और वोडाफ़ोन समूह के बीच भागीदारी,
(CIN – L32100GJ1996PLC030976), प्लॉट नं. 173, सेक्टर 3, HSIIDC इंडस्ट्रियल एरिया, करनाल, हरियाणा - 132001 को कृपया शिकायत समाधान के 30 दिनों के भीतर लिखें. हम जल्द से जल्द समाधान करने का प्रयास करेंगे.

जब भी आप अपनी शिकायत दर्ज करेंगे आपको SMS के द्वारा आपका डॉकेट नंबर और शिकायत सुलझाने में लगनेवाले वक़्त के बारे में सूचित किया जाएगा. अधिक जानकारी और नियम व शर्तों के लिए www.myvi.in पर लॉग ऑन करें.

**रजिस्टर्ड ऑफ़िस**
वोडाफ़ोन आइडिया लिमिटेड, सुमन टॉवर, प्लॉट नं.18, सेक्टर 11, गांधीनगर-382011, गुजरात.
T: +91 79 6671 4000

Vi वेबसाइट: - www.myvi.in
8684000198


## दिल्ली सरकार व नगर निकायों को हरित क्षेत्र बढ़ाने को बैठक बुलाए

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार और नगर निकायों को एक बैठक आयोजित करने तथा शहर के हरित क्षेत्र को बढ़ाने के व्यापक उपायों पर चर्चा करने के लिए एक बैठक बुलाने का निर्देश दिया। न्यायालय ने कहा कि हरित क्षेत्र कम होने के चलते लोगों को अधिक गर्मी महसूस हो रही है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि वह उम्मीद करती है कि वन विभाग और वृक्ष प्राधिकरण दिल्ली में पेड़ों को अवैध रूप से नुकसान पहुंचाये जाने की गतिविधियों पर नजर रखेंगे। पेड़ों की कटाई की अवैध गतिविधियों पर विचार करते हुए हम दिल्ली सरकार, वन एवं पर्यावरण विभाग, वृक्ष प्राधिकरण, एमसीडी , डीडीए को नोटिस जारी करते हैं।

## पूरा तंत्र सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि केजरी को जमानत न मिले, यह तानाशाही: सुनीता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किये जाने के बाद उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने बुधवार को आरोप लगाया कि पूरा तंत्र यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि उनके पति जेल से बाहर न आ सकें। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह सब "तानाशाही" और "आपातकाल" के समान है। आम आदमी पार्टी (आप) ने भाजपा पर केजरीवाल को सीबीआई द्वारा ₹फर्जी मामले₹ में गिरफ्तार कराए जाने का आरोप लगाया। सीबीआई ने कथित आबकारी नीति घोटाले के सिलसिले में बुधवार को केजरीवाल को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया और पांच-दिन की हिरासत मांगी। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में सुनीता ने कहा कि उनके पति को 20 जून को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में जमानत मिल गई थी, लेकिन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तुरंत उस पर स्थगन आदेश ले लिया।



## पित्रोदा फिर बने 'इंडियन ओवरसीज कांग्रेस' प्रमुख

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस ने अपने नेता सैम पित्रोदा को बुधवार को एक बार फिर से 'इंडियन ओवरसीज कांग्रेस' का प्रमुख नियुक्त कर दिया। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पित्रोदा की फिर से नियुक्ति की। पित्रोदा ने लोस चुनाव के दौरान आठ मई को 'इंडियन ओवरसीज कांग्रेस' के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। उनकी उस टिप्पणी को लेकर विवाद खड़ा हो गया था जिसमें उन्होंने कहा था कि 'पूर्व के लोग चीनी और दक्षिण भारतीय अफ्रीकी नागरिकों जैसे दिखते हैं। भाजपा ने पित्रोदा की नस्ली टिप्पणियों को लेकर उन पर निशाना साधते हुए दावा किया था कि इससे विपक्षी दल की विभाजनकारी राजनीति बेनकाब हो गई है।



## केजरीवाल को फंसाने के लिए केंद्र सीबीआई का इस्तेमाल कर रहा : अखिलेश यादव

**नई दिल्ली (भाषा)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने सबसे ज्यादा दिल्ली सरकार के साथ भेदभाव किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र आप सरकार के कामकाज में बाधा डालने के लिए उन्हें आबकारी 'घोटाला' मामले में फंसाने के लिए सीबीआई का इस्तेमाल कर रहा है। अखिलेश यादव ने आप और दिल्ली सरकार में जल मंत्री आतिशी से यहां लोक नायक जयप्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल में उनका हालचाल जानने के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि जब से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केंद्र की सत्ता में आई है, तब से मुख्यमंत्रियों की समस्याएं बढ़ गई हैं। जल संकट का सामना कर रही राष्ट्रीय राजधानी के लिए पानी छोड़ने की मांग को लेकर आतिशी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठी थीं।

■ **जल मंत्री आतिशी से एलएनजेपी अस्पताल में हालचाल जाना**


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | गांव राजापुर, एचएसआईआईडीसी आई.ई. पानीपत में विभिन्न विकास कार्य। | 26.06.2024 03.07.2024 | 71.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8558829230 ia.panipat@hsiidc.org.in |
| 2 | एचएसआईआईडीसी | सीवरेज डिस्पोजल, आईई, कुताना, रोहतक में 30 एचपी 960 आरपीएम मोटर सहित किर्लोस्कर मेक मॉडल एसएचएम-200/40एन सेंट्रीफ्यूगल पम्प की आपूर्ति, स्थापना और परीक्षण। | 26.06.2024 02.07.2024 | 3.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9468254098 ia.rohtak@hsiidc.org.in |
| 3 | एचएसआईआईडीसी | औद्योगिक सम्पदा, रोहतक में जन स्वास्थ्य सेवाओं, वैद्युत स्थापनाओं, चारदिवारी, परिसर विकास समेत सामुदायिक केन्द्र का निर्माण और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 26.06.2024 09.07.2024 | 141.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9468254098 ia.rohtak@hsiidc.org.in |
| 4 | एचएसआईआईडीसी | एचपीजीसीएल से एचएसआईआईडीसी गांव-मोटूका फरीदाबाद तक हस्तांतरित भूमि 141.78 एकड़ हेतु सेफगार्ड। | 26.06.2024 02.07.2024 | 3.74 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582014903 ia.faridabad@hsiidc.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/80/27178/I/88/6 दि. 26.06.24





# जीरो प्राथमिकी, ऑनलाइन शिकायत, अपराध स्थल की वीडियोग्राफी होगी

■ ब्रिटिश काल के क्रमशः भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लेंगे

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

'जीरो' प्राथमिकी, पुलिस में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराना, इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से समन और सभी जघन्य अपराधों के अपराध दृश्यों की अनिवार्य वीडियोग्राफी तीन नए आपराधिक कानूनों की प्रमुख बातें हैं जो एक जुलाई से लागू होंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 भारतीय नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इसका उद्देश्य सभी के लिए अधिक सुलभ, सहायक और प्रभावी न्याय प्रणाली सुनिश्चित करना है। पिछले साल पारित ये नए कानून ब्रिटिश काल के क्रमशः भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लेंगे। पीड़ित को अधिक सुरक्षा देने तथा दुष्कर्म के किसी अपराध के संबंध में जांच में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए पीड़िता का बयान पुलिस द्वारा ऑडियो वीडियो माध्यम के जरिए दर्ज किया जाएगा। महिलाओं, पंद्रह वर्ष की आयु से कम के लोगों, 60 वर्ष की आयु से अधिक के लोगों तथा दिव्यांग या गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को पुलिस थाने आने से छूट दी जाएगी।

### नए आपराधिक कानूनों के प्रमुख बिंदु

नए कानूनों के तहत अब कोई भी व्यक्ति थाने जाए बिना इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यम से घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज करा सकता है। इससे मामला दर्ज कराना आसान और तेज हो जाएगा तथा पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की जा सकेगी। 'जीरो' प्राथमिकी से अब कोई भी व्यक्ति किसी भी पुलिस थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट (प्राथमिकी) दर्ज करा सकता है चाहे अपराध उसके अधिकार क्षेत्र में न हुआ हो। इससे कानूनी कार्यवाही शुरू करने में होने वाली देरी खत्म होगी और अपराध की शिकायत तुरंत दर्ज की जा सकेगी। नए कानूनों के तहत पीड़ितों को प्राथमिकी की एक निशुल्क प्रति दी जाएगी जिससे कानूनी प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित होगी। नए कानून में जुड़ा एक दिलचस्प पहलू यह भी है कि गिरफ्तारी की सूरत में व्यक्ति को अपनी पसंद के किसी व्यक्ति को अपनी स्थिति के बारे में सूचित करने का अधिकार दिया गया है। इससे गिरफ्तार व्यक्ति को तुरंत सहयोग मिल सकेगा। इसके अलावा गिरफ्तारी विवरण पुलिस थानों और जिला मुख्यालयों में प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा जिससे कि गिरफ्तार व्यक्ति के परिवार और मित्र महत्वपूर्ण सूचना आसानी से पा सकेंगे। मामले तथा जांच को मजबूत करने के लिए फॉरेंसिक विशेषज्ञों का गंभीर अपराधों के लिए अपराध स्थल पर जाना और सबूत एकत्रित करना अनिवार्य बना दिया गया है। इसके अलावा, अपराध स्थल से सबूत एकत्रित करने की प्रक्रिया की अनिवार्य रूप से वीडियोग्राफी करायी जाएगी ताकि सबूतों में किसी प्रकार की छेड़छाड़ को रोका जा सके। सूत्रों ने बताया कि इस कदम से जांच की गुणवत्ता व विश्वसीयता बढ़ेगी।

### महिला-बच्चों के खिलाफ अपराधों की जांच को प्राथमिकता

नए कानूनों में महिलाओं व बच्चों के खिलाफ अपराधों की जांच को प्राथमिकता दी गयी है जिससे सूचना दर्ज किए जाने के दो महीने के भीतर जांच पूरी की जाएगी। नए कानूनों के तहत पीड़ितों को 90 दिन के भीतर अपने मामले की प्रगति पर नियमित रूप से जानकारी पाने का अधिकार होगा। नए कानूनों में महिलाओं व बच्चों के खिलाफ अपराध के पीड़ितों को सभी अस्पतालों में निशुल्क प्राथमिक उपचार या चिकित्सीय उपचार मुहैया कराया जाएगा। यह प्रावधान सुनिश्चित करता है कि पीड़ित को आवश्यक चिकित्सीय देखभाल तुरंत मिले। अब समन इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से दिए जा सकते हैं जिससे कि कानूनी प्रक्रियाओं में तेजी आएगी, कागजी काम में कमी आएगी और सभी पक्षों के बीच प्रभावी संचार सुनिश्चित होगा। महिलाओं के खिलाफ कुछ अपराधों में पीड़ित के बयान दर्ज किए जाएंगे और जहां तक संभव होगा कोई महिला मजिस्ट्रेट ही बयान दर्ज करेगी और उनकी अनुपस्थिति में कोई पुरुष मजिस्ट्रेट किसी महिला की मौजूदगी में पीड़िता का बयान दर्ज करेगा। आरोपी तथा पीड़ित दोनों को अब प्राथमिकी, पुलिस रिपोर्ट, आरोपपत्र, बयान, स्वीकारोक्ति और अन्य दस्तावेज 14 दिन के भीतर पाने का अधिकार दिया गया है। अदालतें समय रहते न्याय देने के लिए मामले की सुनवाई में अनावश्यक विलंब से बचने के लिए अधिकतम दो बार मुकदमे की सुनवाई स्थगित कर सकती हैं।

### जागरूकता फैलाने के लिए अधिकारियों को किया प्रशिक्षित

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय गृह मंत्रालय अगले सप्ताह से तीन नए आपराधिक कानूनों को लागू करने के लिए कमर कस रहा है। इन कानूनों के बारे में जनता को जागरूक करने के लिए 40 लाख जमीनी स्तर के पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है। पिछले वर्ष लागू किए नये कानून- भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023- के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए 5.65 लाख से अधिक पुलिस, जेल, फोरेंसिक, न्यायिक और अभियोजन अधिकारियों को भी प्रशिक्षित किया गया है। ये कानून एक जुलाई से लागू होंगे और क्रमशः ब्रिटिशकालीन भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लेंगे। सूत्रों ने बताया कि पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बीपीआरएंडडी) ने 250 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी आयोजित किए जिसमें वेबिनार और सेमिनार भी शामिल थे, जिनमें 40,317 अधिकारियों और कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया। सूत्रों के अनुसार बीपीआरएंडडी के मार्गदर्शन में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने भी क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू किए हैं, जिसमें कुल 5,84,174 लोगों को प्रशिक्षण दिया गया है, जिसमें 5,65,746 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं जो कारागार, फोरेंसिक, न्यायिक और अभियोजन क्षेत्र से हैं। महिला और बाल विकास मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय और पंचायती राज मंत्रालय ने नये कानूनों के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन और इसके सकारात्मक प्रभाव के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करने के लिए 'वेबिनार' का आयोजन किया।

## कंधे से दागे जाने वाला कवच रोधी हथियार है जैवलिन

# भारत खरीदेगा रूस के छक्के छुड़ाने वाली अमेरिकी मिसाइल

जैवलिन 46 राउंड का हथियार कंधे से दागा जा सकता है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूक्रेन ने रूस के खिलाफ अपनी लड़ाई में सबसे ज्यादा जिस हथियार का इस्तेमाल किया है, जो है एफजीएम-18 जैवलिन मिसाइल, जिसने रूसी सेना के छक्के छुड़ाकर रख दिए हैं। कंधे से दागे जाने वाला कवच रोधी इस हथियार के भारत में बनने की संभावना काफी ज्यादा बढ़ है। अगर भारत और अमेरिका के बीच बातचीत कामयाब होती है, तो हो सकता है, कि एफजीएम-18 जैवलिन मिसाइल का निर्माण भारत में हो। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन की हाल ही में भारत यात्रा के दौरान, दोनों पक्षों ने एफजीएम-18 जैवलिन हथियार के संयुक्त उत्पादन के लिए कई प्रस्तावों पर चर्चा की है, जिसमें भारतीय सेना के लिए जेवलिन एंटी-टैंक मिसाइल सिस्टम शामिल है।





### एफजीएम-18 जैवलिन की खासियत

अमेरिका के डिफेंस कॉन्ट्रैक्टर रेथियॉन और अमेरिकी हथियार कंपनी लॉकहीड मार्टिन ने एफजीएम-18 जैवलिन का निर्माण किया है और 46 पाउंड का यह हथियार कंधे से दागा जा सकता है। इस हथियार की सबसे बड़ी खासियत ये है, कि ये युद्ध के मैदान में किसी भी टैंक या मोबाइल वाहन को भेदने की क्षमता रखता है। यह हेलीकॉप्टरों को भी मार गिराने की क्षमता रखता है। भारतीय सेना करीब एक दशक से कंधे से दागे जाने वाले एटीजीएम हथियार की तलाश कर रही है। और यदि बातचीत आगे बढ़ती है, तो भारत में मैन्युफैक्चरिंग संयंत्र स्थापित करने के लिए, एक स्थानीय भागीदार की तलाश की जाएगी।

### मार गिराने में सक्षम जैवलिन

जैवलिन अपनी क्षमता का प्रदर्शन युद्ध में कर चुका है। जैवलिन दुश्मन को मार गिराने सक्षम है। अमेरिका ने यूक्रेन को 10,000 से ज्यदा जैवलिन सिस्टम की आपूर्ति की है। विशेषज्ञों का मानना है, कि इस हथियार ने यूक्रेन की पैदल सेना को, रूस की विनाशक मशीनी हथियारों को मार गिराने की अभूतपूर्व क्षमता दी है। अगस्त 2023 के अंत में, अमेरिकी रक्षा दिग्गज लॉकहीड मार्टिन ने कहा था, कि वह अमेरिकी रक्षा कॉन्ट्रैक्टर रेथियॉन के साथ मिलकर काम करते हुए, 2026 तक मौजूदा जैवलिन उत्पादन दर को 2,100 प्रति वर्ष से लगभग दोगुना करके 4,000 तक करने की योजना बना रहा है।

### भारत को है ऐसे हथियार की तलाश

भारतीय सेना अपने पूर्वी और पश्चिमी प्रतिद्वंद्वियों (चीन और पाकिस्तान) से मुकाबला करने के लिए अपनी मारक क्षमता को बढ़ाने की कोशिश कर रही है। जून 2023 में, भारत ने लाइसेंस-निर्मित बीएमपी-2/2के 'सारथ' इन्फैंट्री कॉम्बैट व्हीकल्स पर लगाए जाने वाले 5,000 फायर-एंड-फॉरगेट मिसाइलों और 500 लॉन्चर सिस्टम के अधिग्रहण के लिए एक फत्रक्ष्क जारी किया।आरएफआई में कहा गया है, कि एटीजीएम में शीर्ष और प्रत्यक्ष हमले करने की क्षमता होनी चाहिए। उनकी लंबाई 1.25 मीटर से कम, वजन 25 किलोग्राम और 125 मिमी कैलिबर होना चाहिए।

### भारत कतर से 12 सेकंड हैंड मिराज फाइटर जेट खरीदेगा



**दोहा।** लड़ाकू विमान खरीदने को लेकर ये चर्चा शुक्रवार को दिल्ली में हुई है, जहां भारतीय अधिकारियों को कतर ने मिराज-2000 विमानों की वर्तमान स्थिति और ऑपरेशन क्षमताओं के बारे में जानकारी दी है।

### भारत और कतर के संबंध अच्छे

कतर और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगातार बढ़ रहा है, जो 2023 में लगभग 11 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्षों की तुलना में महत्वपूर्ण वृद्धि को दर्शाता है। भारत, कतर के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है, खास तौर पर तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात में, जो भारत की ऊर्जा सुरक्षा रणनीति का एक महत्वपूर्ण घटक है।

### लड़ाकू विमान अच्छी स्थिति में

जानकारी के अनुसार लड़ाकू विमान बहुत अच्छी स्थिति में हैं, और उनका 80-85 प्रतिशत ऑपरेशनल लाइफ अभी भी बरकरार है। कतर ने कथित तौर पर 12 विमानों के लिए लगभग 600,000 डॉलर का प्रस्ताव दिया है, भारत अभी कीमत कम करवाने के लिए बातचीत करना चाह रहा है।

## केन्या में बिगड़ते हालातों के बीच भारत ने अपनों के लिए जारी की एडवाइजरी

**नैरोबी।** पूर्वी अफ्रीका देश केन्या के हालात बिगड़ते जा रहे हैं। टैक्स बढ़ाने के विरोध में बवाल हिंसक हो चुका है। आक्रोशित भीड़ ने संसद तक में आग लगा दी। ऐसे तनावपूर्ण हालातों के मद्देनजर भारत ने अपने नागरिकों को अत्यंत सावधानी बरतने की सलाह दी है। केन्या में हिंसक प्रदर्शन के बीच भारत ने अपने नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी की है। केन्या में भारतीय दूतावास ने मंगलवार को वहां के भारतीय नागरिकों को अत्यंत सावधानी बरतने और स्थिति में सुधार होने तक विरोध और हिंसा से प्रभावित क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह दी। केन्या में भारतीय उच्चायोग ने मंगलवार को एक्स पर एडवाइजरी पोस्ट करते हुए कहा, वर्तमान तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए केन्या में सभी भारतीयों को अत्यधिक सावधानी बरतने, अनावश्यक आवाजाही को प्रतिबंधित करने और स्थिति सुधरने तक विरोध और हिंसा से प्रभावित इलाकों से बचने की सलाह दी जाती है।

## जम्मू-कश्मीरः डोडा में तीन आतंकी ढेर

**डोडा।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के गंडोह इलाके में बुधवार को सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया। सुबह 2-3 आतंकियों के इलाके में छिपे होने की सूचना के बाद पुलिस और सेना ने सर्च ऑपरेशन लॉन्च किया था, जिसके बाद सुबह 9.50 बजे एनकाउंटर शुरू हुआ। इस एनकाउंटर में जम्मू-कश्मीर पुलिस में तैनात स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप का जवान भी घायल हुआ है। आशिक हुसैन नाम के इस जवान को डोडा के मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## पहले उपयोग न करने व बड़े पैमाने पर जवाबी कार्रवाई का है परमाणु सिद्धांत : सीडीएस अनिल चौहान

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बुधवार को भारत के परमाणु क्षमता सद्धिांत से रूबरू कराते हुए कहा कि यह पहले उपयोग न करने और बड़े पैमाने पर जवाबी कार्रवाई के सद्धिांत पर आधारित है। उन्होंने कहा कि परमाणु हथियारों से होने वाला खतरा एक बार फिर भू-राजनीतिक परिदृश्य की केंद्रीय भूमिका में आ गया है। सीडीएस ने 26 जून को राजधानी में सेंटर फॉर एयर पावर स्टडीज (आईआईएसएस) द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी को संबोधित किया। इसका विषय परमाणु रणनीतिः समकालीन विकास और भवष्यि की संभावनाएं रखा गया था। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। जनरल अनिल चौहान ने अपने संबोधन में पारंपरिक युद्ध की बदलती प्रकृति, तरीकों और उनकी विशेषताओं पर भी प्रकाश डाला। सीडीएस ने इस कार्यक्रम में एशियन डिफेंस रव्यि-2024 , उभरती हुई प्रौद्योगिकियों और भारत के लिए खतरों के बदलते आयाम जैसे कुछ दस्तावेजों को भी जारी किया।








## बदले वीजा नियमों की वजह से कनाडा में घटती भारतीय छात्रों की तादाद

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** खालिस्तानी आतंकवाद के मुद्दे पर भारत-कनाडा के मध्य जारी तल्खी के बीच वर्क परमिट और वीजा नियमों में किया गया बदलाव भी दोनों के बीच परेशानी का सबब बन सकता है। कनाडा द्वारा हाल ही में वीजा नियमों को कुछ इस तरह से परिवर्तित किया गया है। जिसके बाद वहां जाकर परास्नातक (पीजी) करने वाले भारतीय छात्र वर्क परमिट और वीजा के लिए आवेदन नहीं कर सकेंगे। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की सरकार ने एक नियम बनाया है कि कनाडा में परास्नातक (पीजी) करने वाले छात्र अब वर्क परमिट या वीजा के लिए आवेदन नहीं कर सकते हैं। इस तमाम घटनाक्रम के बीच भारतीय छात्रों की कनाडा जाने में रुचि घट रही है और वो दुनिया के अन्य देशों जैसे ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया की ओर रुख कर रहे हैं।

## कोच्चि में शुरू हुआ सऊदी अरब की नौसेना के 76 प्रशिक्षुओं का प्रशिक्षण

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** सऊदी अरब की नौसेना के 76 प्रशक्षिुओं का कोच्चि स्थित भारतीय नौसेना की दक्षिणी कमांड में प्रशिक्षण शुरू हो चुका है। यह प्रशक्षिुओं का दूसरा बैच है। जो भारत में नौसैन्य गतिविधियों से जुड़ा हुआ प्रशिक्षण ले रहा है। नौसेना ने बुधवार को बताया कि रॉयल सऊदी नेवल फोर्स ने कोच्चि में भारतीय नौसेना के प्रथम प्रशिक्षण स्क्वाड्रन में बीते 24 जून से प्रशिक्षण की शुरुआत की है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कुल चार सप्ताह तक चलेगा।

## एक्ट में सिम कार्ड को लेकर कई कड़े प्रावधान किए

सिम कार्ड फ्रॉड करने पर तीन साल की होगी जेल

# दूरसंचार विधेयक लागू, तीन साल की जेल का है प्रावधान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

26 जून से दूरसंचार अधिनियम 2023, आंशिक रूप से लागू होने जा रहा है। आंशिक रूप से मतलब ये है कि इस कानून की कुछ धाराओं के नियम लागू हो जाएंगे। दूरसंचार अधिनियम 2023 मौजूदा भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम (1885), वायरलेस टेलीग्राफी अधिनियम (1933) और टेलीग्राफ वायर (अवैध कब्जा) अधिनियम (1950) के पुराने विनियामक ढांचे की जगह लेगा। आज से अधिनियम की धारा 1, 2, 10 से 30, 42 से 44, 46, 47, 50 से 58, 61 और 62 के प्रावधान भी लागू हो जाएंगे।



### विधेयक 2023 की खास बातें

फर्जी सिम कार्ड जारी करने पर रोक लगाने के लिए बिल में सख्त प्रावधान हैं। किसी भी तरह के सिम कार्ड फ्रॉड करने पर तीन साल की जेल और जुर्माना लगेगा। बिल के तहत फर्जी सिम कार्ड बेचने, खरीदने और इस्तेमाल करने पर भी तीन साल तक की जेल या 50 लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है।

### डीएनडी को लेकर कड़े कानून

यदि कोई यूजर डीएनडी सर्विस को ऑन रखता है तो उसके पास इस तरह के मैसेज या कॉल नहीं जाने चाहिए और यदि नियम का उल्लंघन होता है तो कार्रवाई होगी। जो ग्राहकों की प्राथमिकताओं के आधार पर वाणिज्यिक संदेशों पर दूरसंचार नियामक भारतीय दूरसंचार विनियम प्राधिकरण (ट्राई) के नियमों का उल्लंघन करते हैं।

## जयशंकर ने म्यांमार से मांगा म्यावाडी क्षेत्र में फंसे भारतीयों की वापसी के लिए सहयोग

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने बुधवार को नई दिल्ली में म्यांमार के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री यू थान श्वे के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इसमें उन्होंने भारत की सीमा के करीब म्यांमार में लगातार जारी हिंसा, अस्थिरता के गंभीर प्रभाव को लेकर चिंता जाहिर की और म्यावाडी क्षेत्र में फंसे हुए भारतीय नागरिकों का मुद्दा उठाते हुए उनकी जल्द स्वदेश वापसी के लिए सहयोग मांगा। म्यांमार में 1 फरवरी 2021 को सेना द्वारा तख्तापलट के जरिए सत्ता पर कब्जा करने के बाद यह पहला ऐसा मौका है। जब भारत या उसकी तरफ से विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने म्यांमार के सैन्य शासन (जुंटा) के साथ सार्वजनिक रूप से मुलाकात की है। वहां सैन्य जुंटा और रेजस्टिंस फोर्स के बीच में संघर्ष जारी है। इसके चलते कई जिलों में भयंकर हिंसा के साथ तनाव पसरा हुआ है। म्यांमार के उप प्रधानमंत्री किसी विदेश यात्रा से म्यांमार लौटते वक्त राष्ट्रीय राजधानी में विदेश मंत्री एस.जयशंकर से मिले। सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर एक पोस्ट में उन्होने यह जानकारी दी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25